

हरिभूमि
रायपुर भूमि

## करतला में 10 सेमी, भैसमा में 9 सेमी बारिश

राजधानी और उससे लगे जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा ही हो रही है, लेकिन प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। गुरुवार को करतला में सर्वाधिक 10 सेमी बारिश दर्ज की गई। बरपाली और भैसमा में 9 सेमी बारिश हुई है। इसके अलावा छाल, कोरबा, कांसाबेल में 7 सेमी, दर्शी व सीपत में 6 सेमी, बलौदा, ढुलदला, कुसमी और खरसिया में 5 सेमी बारिश हुई है। शेष स्थानों पर इससे कम बारिश अथवा बूंदाबांदी ही हुई है।

# सावन से पहले झड़ी के आसार, 9-10 को लगातार बरसेंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अगले सप्ताह से भारी बारिश का दौर शुरू होगा। यदि परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो 9 और 10 जुलाई को लगातार बारिश होती रहेगी, अर्थात सावन के पहले ही झड़ी लगेगी। फिलहाल सामान्य से मध्यम बारिश ही रायपुर सहित पूरे प्रदेश में होगी। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका राजस्थान से बंग्लादेश तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती ▶▶|शेष पेज 13 पर

- फिलहाल सामान्य से मध्यम बारिश ही, स्थिर रहेगा तापमान
- राजस्थान से लेकर बांग्लादेश तक फैली हुई है द्रोणिका

### जशपुर में भारी बारिश की चेतावनी

शुक्रवार को प्रदेश में अनेक स्थान पर हल्की से मध्यम वर्षा और कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इसके अलावा प्रदेश में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने, वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः जशपुर जिले और उससे लगे जिले संभावित हैं। रायपुर में आकाश आंशिक रूप से मेघमय रहेगा। गरज-चमक के साथ यहां भी बारिश संभावित है।

## खबर संक्षेप

### दंपति से ढाई लाख की उठाईगिरी

**रायपुर।** कोतवाली थाना में एक दंपति ने गुरुवार को दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ ढाई लाख रुपए उठाईगिरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक हुमन लाल वर्मा ने उठाईगिरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। हुमन ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी पत्नी सदर में ज्वेलरी खरीदने ई-रिक्शा से बैग में पांच लाख रुपए लेकर निकले थे। रास्ते में दो अन्य महिलाएं ई-रिक्शा पर सवार हुई। ज्वेलरी दुकान पहुंचने पर हुमन ने पाया कि उसके बैग से ढाई लाख रुपए गायब हैं।

### बाइक स्टंट की रील वायरल 11 हजार जुर्माना

**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने इंस्टाग्राम पर बाइक स्टंट की रील बनाकर वायरल करने वाले एक स्टंटबाज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 11 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। ट्रैफिक पुलिस ने नवा रायपुर में बाइक स्टंट करने के आरोप में मुकेश चंद्राकर उर्फ मुक्कू के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक मुकेश के इंस्टाग्राम में 25 हजार फॉलोवर्स हैं। कई बाइक कंपनियां मुकेश को अपने प्रमोशन के लिए स्टंट करने बुलाती हैं।

पुलिस को घटनास्थल के आसपास मिले महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज

# पत्थर गैंग का आधी रात बाद ज्वेलरी शॉप में धावा, 10 लाख के जेवरात ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में इंटर स्टेट गैंग से जुड़े बदमाशों ने टिकरापारा थाना क्षेत्र की एक ज्वेलरी शॉप में धावा बोलकर 20 हजार रुपए नकद सहित 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। जिन बदमाशों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, उन्हीं बदमाशों द्वारा एक सप्ताह पूर्व जांजगीर-चांपा तथा बेमेतरा के ज्वेलरी शॉप में चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की पुलिस ने आशंका व्यक्त की है। पुलिस को घटना के सीसीटीवी फूटेज मिले हैं, जिसमें तीन चोर अधनंगे हालत में तथा एक पेंट, शर्ट पहने हुए दिख रहा है। बदमाशों के चड्डी-बनियान गिरोह होने की बात पर पुलिस ने मामले की पड़ताल करने के बाद ही कुछ कह पाने की बात कही। पुलिस ▶▶|शेष पेज 13 पर

## फूटेज में तीन अधनंगे तथा एक पैंट-शर्ट पहना दिख रहा

### माना में चार माह पूर्व इसी पैटर्न पर घटना

गौरतलब है कि चार माह पूर्व माना बस्ती में कृषि विभाग में कार्यरत प्रख्यात चंद्राकर के घर बदमाशों ने धावा बोलते हुए डकैती की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश प्रख्यात की मां को बंधक बनाकर नकदी सहित 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए थे। घटना में शामिल बदमाशों को अब तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उस घटना में भी बदमाश अपने साथ सब्बल के साथ बचाव के लिए पत्थर ले गए थे।




### घटना आधी रात के बाद की

कमल के अनुसार बदमाशों ने दुकान में चोरी की घटना तीन से साढ़े तीन बजे के आसपास की है। कमल के अनुसार जहां उसकी ज्वेलरी शॉप है, वहां देर रात तक लोगों की आवाजाही होती रहती है। दुकान मेन रोड पर है। इसे देखते हुए कमल ने चोरी की घटना रात दो बजे के बाद होने की आशंका व्यक्त की है। गौरतलब है कि जिस जगह चोरी की घटना हुई है, उस जगह टिकरापारा के साथ मुजगहन थाने की पुलिस पेट्रोलिंग करने के लिए पहुंचती है। घटना स्थल मुजगहन थाना क्षेत्र के मुहाने पर है।

### सब्बल के साथ पत्थर लेकर आए थे

कैमरा की जद में आने से बचने के लिए बदमाशों ने दुकान में लगे तीन सीसीटीवी कैमरे चोरी कर अपने साथ रख लिए थे। आसपास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पुलिस को जो फूटेज मिले हैं, उसमें एक बदमाश के हाथ में पांच से छह फीट लंबा सब्बल दिख रहा है। साथ ही एक अन्य बदमाश के हाथ में चाकूनुमा हथियार तथा दो अन्य बदमाशों के हाथ में पत्थर दिख रहा है। पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने पत्थर के साथ चाकूनुमा हथियार अपने बचाव के लिए रखे थे।






## खबर संक्षेप



### मंहगी बिजली और कटौती के विरोध में 8 को कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** बिजली दामों मे बढ़ोतरी और लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में 8 जुलाई को कांग्रेस का एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन सभी जिला ब्लॉक मुख्यालय में होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने सभी जिला एवं ब्लॉक अध्यक्षों को पत्र जारी कर विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने कहा है। प्रदर्शन में सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

### अनुभव राजभवन में पदस्थ

**रायपुर।** राज्य शासन ने अनुभव शर्मा डिप्टी कलेक्टर कोरिया का तबादला राजभवन में अवर सचिव के पद पर किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसका आदेश जारी करते हुए कहा है कि प्रशासनिक आधार पर यह तबादला किया गया है।

### जियो और अन्य सिम के रीचार्ज में वृद्धि से भाजपा का असली चरित्र उजागर

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, केन्द्र में सरकार बनते ही पिछले 10 साल तक जिस प्रकार महंगाई बढ़ाने का काम भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया, उसी कार्य को पुनः लगता है जारी रखेंगे, क्योंकि आज गरीब एवं मध्य वर्ग परिवार के लगभग हर सदस्य के पास मोबाइल होता है और उसी मोबाईल से उनको जीवन-यापन करने में सहायता मिलती है। जियो और अन्य कंपनी के सिम के रीचार्जों में वृद्धि कर भाजपा का असली चरित्र उजागर हो गया है। उन्होंने कहा, मोबाइल कंपनियों द्वारा अपनी दर को बढ़ाना गरीबों के पेट पर लात मारने के समान है और केन्द्र सरकार की इस पर चुप्पी समझ से परे है। उन्होंने कहा, जियो और एयरटेल के रीचार्ज 25 प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं।

### प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ने में लगे हैं असामाजिक तत्व

**रायपुर।** वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा है, देश और छत्तीसगढ़ में सौहार्द्र का वातावरण है, जिसे कुछ असामाजिक और अपराधिक तत्व के लोग समाज को उकसाने का काम कर रहे हैं। भाजपा ने सभी लोगों के लिए वैक्सीन, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड बनाया। मुफ्त चावल देने का काम किया। अब्दुल कलाम आजाद को राष्ट्रपति बनाया। जो लोग असुरक्षा का सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने खुद इनके साथ राजनीति करने के सिवाय कुछ नहीं किया है। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ में जो भी अपराधिक तत्व के हैं, वो किसी भी समाज के हों, वह कानून से ऊपर नहीं हैं। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के बयान पर वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा, सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास को मानने वाला है, बाबा अहिंसा के पुजारी थे।



# भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति पर अभी फैसला नहीं, प्रदेश की 10 जुलाई को होना तय

## राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की जुलाई के पहले सप्ताह में होने वाली राष्ट्रीय कार्यसमिति अभी तय नहीं हो सकी है, लेकिन प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक 10 जुलाई को भिलाई या रायपुर में होना तय हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने राष्ट्रीय कार्यसमिति न होने की भी स्थिति में प्रदेश कार्यसमिति करने की मंजूरी प्रदेश संगठन को दे दी है। कार्यसमिति में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के साथ अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर शामिल होंगे। कार्यसमिति में मुख्य रूप से प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव और भाजपा के संगठन चुनाव पर चर्चा होगी। एक राजनीतिक प्रस्ताव भी रखा जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जून को समाप्त हो गया है। उनको अब केंद्रीय मंत्री भी बना दिया गया है। ऐसे में उनके स्थान पर नया अध्यक्ष चुना जाना है। पहले कदम पर किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय कार्यसमिति पहले 30 जून को रखी गई थी, लेकिन इसको बाद में लोकसभा के सत्र के कारण तीन जुलाई के बाद रखने का फैसला किया गया, लेकिन अब तक राष्ट्रीय कार्यसमिति की तिथि तय नहीं हो सकी है। राष्ट्रीय कार्यसमिति के पहले सप्ताह में होने की संभावना को देखते हुए ही प्रदेश कार्यसमिति के लिए पहले 11 या 12 जुलाई की तिथि तय की गई थी, लेकिन बाद में इसको संभावित दस जुलाई किया गया। अब दस जुलाई की तिथि फाइनल हो गई है।



### इन मुद्दों पर होगी चर्चा

प्रदेश कार्यसमिति के लिए भिलाई को चुना गया है, लेकिन अभी स्थान को लेकर फैसला नहीं हो सका है। एक संभावना यह भी है कि भिलाई के स्थान पर रायपुर में ही कार्यसमिति हो। कार्यसमिति में सबसे पहसे सुबह को दस बजे प्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक होगी। इसमें एजेंडा तय होगा। इसके बाद 12 बजे से देर शाम तक प्रदेश कार्यसमिति होगी। इसमें मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में जीत पर चर्चा होगी। इसी के साथ एक राजनीतिक प्रस्ताव में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर धन्यवाद प्रस्ताव और इसी के साथ राजनीतिक प्रस्ताव में लोकसभा में राहुल गांधी ने हिंदूओं को लेकर जो बात कही है, उसको निंदा प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनावों पर भी मंथन होगा। संगठन चुनाव को लेकर तय किया जाएगा कि मंडल स्तर से लेकर जिला और राज्य स्तर के चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी। राज्यों में चुनाव के बाद ही स्थाई राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### मुआवजा दिलाने विभिन्न निर्माण कार्यों के संबंध में आए आवेदन

# जनदर्शन में किसान ने मुख्यमंत्री से कहा- पटवारी से हूं हलाकान

**आर्थिक सहयोग व इलाज के लिए सहायता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास पर गुरुवार को दूसरे जनदर्शन कार्यक्रम में भी नागरिकों में जबरदस्त उत्साह रहा। आज मुख्यमंत्री से मिलने वालों ने आर्थिक सहायता, इलाज के लिए सहायता, विभिन्न निर्माण कार्यों के संबंध में आवेदन देकर समाधान का आग्रह किया। जनदर्शन में नवागढ़ ब्लाक के ग्राम पौंसरी के किसान अशोक रजक ने कहा, मेरे गांव के पटवारी के पास एक काम के लिए आवेदन दिया। कई दिनों तक संपर्क के बावजूद काम नहीं हो पा रहा, इससे मैं हलाकान हो गया हूं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही बेमेतरा कलेक्टर को किसान के आवेदन की प्रगति के संबंध में जांच कर राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, यह भी देखें कि मामले में विलंब क्यों हुआ, यदि लापरवाही हुई है, तो संबंधित पटवारी पर कार्रवाई की जाए। आज आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 13 बच्चों को दो-दो लाख रुपए के चेक दिए गए। इसमें से एक लाख रुपए प्रोत्साहन के रूप में और एक लाख रुपए स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए। इन बच्चों ने दसवीं और बारहवीं में 2023-24 के टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है। ये सभी श्रमवीरों के बच्चे है। जनदर्शन में एक दर्जन से ज्यादा ऐसे भी लोग शामिल हुए, जो पिछली बार के जनदर्शन में भी आए थे, तब उनके आवेदनों का निराकरण मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल कर दिया गया था। त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। जनदर्शन के लिए हजारों लोग आज पहुंचे थे। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास जाने हजारों लोग पहुंच गए थे। सिविल लाइंस में हजारों की भीड़ बाहर खड़ी हुई थी। डेढ़ घंटे लगभग 12.30 बजे बाद जनदर्शन शुरू होने पर यहां से भीड़ हटी। जनदर्शन करीब 4 बजे तक चला।



**दिव्यांग बच्ची के इलाज के लिए सहायता**

जनदर्शन में अपनी नातिन का इलाज करने की आस लेकर पहुंचे दोहत राम विश्वकर्मा को आज बड़ा सहारा मिला। मुख्यमंत्री को जानकारी मिली की जनदर्शन में एक दस साल की दिव्यांग बच्ची दिव्या विश्वकर्मा बैठी हुई है, जिसके हाथ में विकृति हैं। परिवार की माली हालत खराब होने की वजह से बच्ची का इलाज नहीं हो पा रहा है।

### चोरी गई बाइक का आ रहा चालान, मुख्यमंत्री से की शिकायत

जनदर्शन में आज बाइक चोरी का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। बाइक मालिक के पास ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने का चालान आ रहा है। राजधानी रायपुर के चौबे कॉलोनी निवासी भूपेंद्र साहू ने अपनी व्यथा मुख्यमंत्री को बताई। भूपेन्द्र ने बताया कि कुछ समय पहले उनकी बाइक चोरी हो गई। अब दिक्कत यह है कि जिसने बाइक चुराई, वो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहा है और दो बार उनके पास दो हजार रुपए का चालान आ गया है। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा, बाइक मालिक की बाइक दिलाने के संबंध में भी कार्रवाई करें और उन पर जो चालान आया है, उसे मुक्त करने के संबंध में कार्रवाई करें।

### भारतमाला परियोजना में ली गई भूमि, नहीं मिला मुआवजा

जनदर्शन में दुर्ग जिले के हनोदा ग्राम के आनंद साहू भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि 4 साल पहले भारतमाला परियोजना में उनकी जमीन अधिग्रहित की गई, इसका मुआवजा आज तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि अब सड़क बनने का काम भी शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए भारत माला परियोजना में आने वाली आनंद साहू की जमीन का परीक्षण कर त्वरित राहत दिलाने के निर्देश दिए।

### फसल की क्षतिपूर्ति मांगने किसान पहुंचे

ग्राम सुखरी, कुशभाठा नगेडा, छतवन के किसान धान की फसल को धान की फसल ओलावृष्टि से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने की गुहार लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जनदर्शन में पहुंचे। किसानों की समस्या मुख्यमंत्री ने गंभीरतापूर्वक सुनीं और कलेक्टर बलौदाबाजार को इस प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। सोनाखान तहसील के किसानों ने बताया कि 2023 में ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगी थी, धान पक चुकी थी कि मई माह में जोरदार ओलावृष्टि हुई जिससे धान की फसल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पटवारी द्वारा फसल का निरीक्षण कर प्रकरण बनाकर तहसील में जमा कर दिया गया है। लेकिन हमें अब तक मुआवजा नहीं मिला है। जबकि उसी समय ओलावृष्टि हुए आस-पास के गावों कलमीदादर बानीखार, देवरी, नगेड़ी, सहित कुल 33 गांवों को मुआवजा मिल चुका है।

### पक्की सड़क बनवाने का आग्रह

इस दौरान राजधानी रायपुर के जोन क्रमांक 3 के वार्ड 10 में नार्थ सिटी आदर्श नगर मोवा के नागरिकों ने अशोका रतन के पास लगभग 600 मीटर की सड़क खराब होने की जानकारी मुख्यमंत्री को देते हुए यहां पक्की सड़क बनवाने का आग्रह किया।

## मोदी जिस शराब घोटाला की बात कर रहे, वह भाजपा की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, छत्तीसगढ़ का कथाकथित शराब घोटाला जिसका जिक्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में किया है, वह तो उनकी सरकार की साजिश थी। भाजपा और ईडी ने मिलकर इस तथाकथित घोटाले की पटकथा लिखी थी। शराब घोटाले को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। राजनैतिक विद्वेषवश भाजपा की सरकार बनने के बाद ईडी और ईओडब्लू ने मिलकर फिर से एफआईआर दर्ज की है। प्रधानमंत्री को वास्तव में शराब घोटाला की चिंता है, रमन राज में 4600 करोड़ का शराब घोटाला छत्तीसगढ़ में हुआ था। वर्तमान में भाजपा सरकार भी लगातार शराब घोटाला कर रही है। शराब की खरीदी से बिक्री तक में घोटाले हो रहे हैं। प्रधानमंत्री में साहस है तो इसकी जांच करा लें, पता लग जायेगा कितना घोटाला हो रहा है।



उन्होंने कहा, शराब घोटाला तो भाजपा की सरकार कर रही है। जैसा आबकारी नियमों में बदलाव दिल्ली में आप सरकार ने किया था, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री जेल में हैं वैसा ही नियमों में परिवर्तन छत्तीसगढ़ सरकार ने भी किया है। यह सीधे-सीधे शराब कंपनियों से मिलने वाले डिस्काउंट की मोटी रकम में घोटाले का खेल है। एफएल-10 का लाइसेंस निरस्त कर सरकार द्वारा सीधे उत्पादक कंपनियों से शराब इसलिये खरीदने का फैसला लिया गया है, ताकि कंपनियों से मोटा कमीशन वसूला जाय। दो माह पहले ही सरकार ने 12 कंपनियों को एफएल-10 का लाइसेंस दिया तथा उनके साथ एक वर्ष तक सप्लाई का एग्रीमेंट किया गया, उनसे बांड भी भरवाया गया। इसके बाद 10 कंपनियों को एफएल-बी का लाइसेंस दिया गया, उनसे भी एग्रीमेंट किया गया फिर अचानक सरकार ने इन कंपनियों से किये एग्रीमेंट को रद्द क्यों किया? इसका जवाब सरकार को देना चाहिये।

# शहर विकास के लिए महापौर, निगम के अधिकारियों के साथ मूणत ने किया मंथन

*बैठक में सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे समेत पार्षद हुए शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्डों से संबंधित कार्यो की समीक्षा बैठक लेकर विकास कार्यों को पूर्ण करने संबंधी निर्देश जारी किए। इस बैठक में शहर के विकास को लेकर लंबा मंथन किया गया। बैठक में नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, आयुक्त अविनाश मिश्रा, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, सुन्दर लाल जोगी, रितेष त्रिपाठी, जोन अध्यक्ष मनी राम साहू, विनोद अग्रवाल, सहित भारी संख्या में पार्षद, रायपुर स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्वल पोरवाल, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, स्मार्ट सिटी अधीक्षण अभियंता पंकज कुमार पंचायती, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, उपअभियंताओं की उपस्थिति रही।



### महापौर ने भी दिए सुझाव

महापौर एजाज ढेबर ने सुझाव दिया, अमृत मिशन योजना, डोर टू डोर कचरा कलेक्षन कार्य , स्ट्रीट लाईट प्रबंधन कार्य योजनाओं का राजधानी शहर में सफल क्रियान्वयन करने प्रभावी कार्य होना चाहिए। स्वच्छता , पेयजल, स्ट्रीट लाईट प्रबंधन अच्छी तरह करने पर शहर के विकास को अद्वितीय गति केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन की मूल लोकहितकारी भावना के अनुरूप प्राप्त हो सकेगी। महापौर ने सभी पार्षदों से स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्यों में जुट जाने का आव्हान किया। महापौर ने शुक्रवार को जोन 5 में होने वाली स्वच्छता सर्वेक्षण बैठक में मार्गदर्शन देने के लिए श्री मूणत को आमंत्रित किया।

### शहर की व्यवस्था ठीक करने दिए कई सुझाव

*बैठक में श्री मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों सहित सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट प्रबंधन अतिक्रमणों पर कार्रवाई कर शहर को राजधानी के अनुरूप स्वच्छ सुन्दर सुव्यवस्थित विकसित स्वरूप देने के कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर में लगातार नई टंकी निजी आवासीय कालोनियों में नदी का मीठा जल पाइप लाइन बिछाकर देने कार्य योजना तैयार कर निजी आवासीय कालोनियों एवं परिसरों के रहवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने कार्य योजना बनाई जाए।*

### पूर्व की सरकार के कार्यों को अपनी हठधर्मिता के कारण पूरा नहीं होने दे रहे मूणत

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत ने गुरुवार को पश्चिम विधानसभा के पार्षदों व नगर निगम के आला अधिकारियों की मीटिंग बुलाई, जिस पर पश्चिम विधानसभा के विकास कार्यों की रायशुमारी की।



उन्होंने सीधे मंत्री पर आरोप लगाते हुये कहा, पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा जितने भी विकास कार्य हुये हैं या फिर प्रगति पर हैं, उन सभी कार्यों को अपनी हठधर्मिता के कारण आज लगभग 7 महीने हो चुके हैं, उसके बाद भी प्रारंभ नहीं होने दे रहे हैं। दिखावा के लिये जनता को गुमराह करने के लिए बैठक आहूत की है।श्री उपाध्याय ने कहा, पूर्व में लगभग 20 करोड़ के सड़क बनने थे, वह अब तक नहीं बन पाये।

# केंद्रीय मंत्री खट्टर से डिप्टी सीएम साव ने दो हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाओं के लिए मांगी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरीय निकायों की दो हजार करोड़ से ज्यादा की बड़ी योजनाओं पर चर्चा कर इनकी मंजूरी मांगी। उन्होंने शहरों की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य के शहरों के विकास की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए यहां संचालित केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री को दी।

श्री साव ने श्री खट्टर से नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में हुई मुलाकात के दौरान वर्तमान में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत या आगामी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत बीएलसी घटक के अंतर्गत 19 हजार 906 नए आवास स्वीकृत करने का अनुरोध किया। उन्होंने श्री खट्टर को बताया, छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 516 करोड़ 20 लाख रुपए का एक्शन प्लान स्वीकृति के लिए भारत सरकार को भेजा गया है। रायपुर, दुर्ग एवं भिलाई निकायों के क्लस्टर तथा बिलासपुर, रतनपुर, बोदरी एवं मुंगेली में सूखे कचरे के निपटान के लिए 10 मेगावाट का वेस्ट-टू-इलेक्ट्रिसिटी प्लांट लगाने के लिए करीब 400 करोड़ रुपए की परियोजना का प्रस्ताव भी भेजा गया है। उन्होंने इन दोनों कार्यों के लिए राशि मंजूर करने के साथ ही रायपुर और बिलासपुर को छोड़कर शेष नगर निगमों में इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी की स्थापना के लिए लगभग 800 करोड़ रुपए की स्वीकृति का भी अनुरोध किया।



श्री साव ने भारत सरकार के नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन के अंतर्गत नगरीय निकायों की संपूर्ण कार्य प्रणाली को आईटी-इनेबल्ड बनाने 200 करोड़ रुपए के अनुदान की स्वीकृति का आग्रह केन्द्रीय मंत्री से किया। उन्होंने राज्य के नवगठित 15 नगरीय निकायों को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत शामिल कर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं वेस्ट वाटर मैनेजमेंट परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त राशि प्रदान करने का अनुरोध किया।

# बृजमोहन बोले-लोस में विपक्ष का गैर जिम्मेदाराना रवैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा के प्रथम सत्र की समाप्ति के बाद रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को वापस रायपुर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, सदन में विपक्ष और उसके नेता राहुल गांधी का जैसा व्यवहार है, जिस प्रकार की भाषा का वह उपयोग कर रहे हैं, वह अशोभनीय है। विपक्ष का रवैया लोकसभा में गैर जिम्मेदाराना रहा है।



श्री अग्रवाल ने कहा, विपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री के धन्यवाद प्रस्ताव को भी सुनने को तैयार नहीं था। पूरे समय हंगामा करते रहे। अगर भारत को विकसित भारत बनाना है तो हम सभी को देशहित में मिलकर चलना पड़ेगा। विपक्ष का कार्य केवल सरकार का विरोध करना नहीं है, बल्कि अच्छे कार्यों में देश के हितों में सरकार का समर्थन भी करना होना चाहिए और विकसित भारत बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, चाहे लोकसभा हो या राज्यसभा दोनों सदनों में ही कांग्रेस को देखकर ऐसा लगता है कि नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना और कांग्रेस की पराजय उनको पच नहीं रही है। लोकसभा में हिंदुओं को हिंसक कहने पर देशभर में राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन पर श्री अग्रवाल ने कहा, सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हिंदू कोई धर्म नहीं है।

## मुआवजा प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने पर विचार

# कोरबा, रायगढ़ की कोल परियोजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कोयला मंत्रालय भारत सरकार से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीना और मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन की मौजूदगी में मंत्रालय महानदी भवन में केन्द्र शासन और छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा और रायगढ़ जिले में संचालित कोल परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

कोल परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन सहित मुआवजा को लेकर कोरबा और रायगढ़ जिले के कलेक्टर और साउथ ईस्ट कोल फिल्ड लिमिटेड के अधिकारी के बीच सकारात्मक विमर्श हुआ। बैठक में साउथ ईस्ट कोल फिल्ड लिमिटेड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उत्पादित कोल सहित विभिन्न परियोजनाओं के लिए कोल वितरण के संबंध में भी व्यापक चर्चा हुई।



### कोल उत्पादन लगातार होना जरूरी

कोयला मंत्रालय भारत सरकार के सचिव अमृतलाल मीना ने अधिकारियों से कहा कि कोल खदानों में कोल उत्पादन लगातार होना बहुत जरूरी है। कोयले से देश की ऊर्जा सहित अन्य विकास परियोजनाएं निर्भर रहती है। कोल खनन के लिए वन, राजस्व और निजी भूमि के अधिग्रहण के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग जरूरी है। भूमि अधिग्रहण के लिए नियमानुसार मुआवजा प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाया जाना चाहिए। इसी तरह से भूमि अधिग्रहण के लिए वन, आवास एवं पर्यावरण सहित अन्य आवश्यक क्लियरेंस के प्रकरणों के निराकरण के लिए कोल फिल्ड लिमिटेड वन, आवास एवं पर्यावरण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर के लिए भी भू-अर्जन के प्रकरणों को तत्परता से निराकरण के लिए भी आवश्यक कदम उठाएं।

### ये अफसर शामिल हुए वीसी में

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, पीसीसीएफ सुनील मिश्रा, ऊर्जा एवं खनिज विभाग तथा मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल आर.संगीता सहित साउथ ईस्ट कोल फिल्ड्स लिमिटेड, छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल लिमिटेड, कलेक्टर कोरबा, रायगढ़ और सरगुजा सहित राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए।

# प्रदेश के मंत्री देवांगन ने सुनी ठाकरे परिसर में आमजनों की समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज : रायपुर**

भाजपा कार्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सहयोग केंद्र में गुरुवार को वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री भरतलाल वर्मा ने जनता की समस्याओं को सुना और उनके आवेदन स्वीकार किए। उद्योग विभाग, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्र के 35 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर मंत्री श्री देवांगन ने त्वरित निदान करने के निर्देश दिए।

श्री देवांगन ने कहा, जनता को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसके लिए भाजपा की सरकार प्रतिबद्ध है। भाजपा जन सेवा को प्रभु सेवा मानकर कार्य करती है और जनता को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इस पर भी विशेष ध्यान रखती है। इस दौरान बड़ी संख्या में सहयोग केंद्र में आमजनों ने आवेदन देकर मंत्री श्री देवांगन को अवगत कराया।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने नवसृजन की प्रस्तुति को सराहा

**आरंग।** बुधवार को समोदा में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने नवसृजन पब्लिक स्कूल सामोदा के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतुस्ती की जमकर सराहना किए। नवसृजन पब्लिक स्कूल के बच्चो ने श्रीराम वनगमन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, छात्र–छात्रओं एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

### मेधावी छात्रा तिजन यादव को गोद लिया



**अभनपुर।** राधा कृष्ण शैक्षणिक प्रतिभा प्रोत्साहन योजना 2024 के तहत संकुल केन्द्र बजरंग दास उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर द्वारा सच्ची सद्भावना गोद लेना कार्यक्रम अंतर्गत कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी तिजन यादव को गोद लिया गया। शाला विकास प्रबंधक समिति अध्यक्ष घासू राम साहू ने बताया कि कु. तिजन कक्षा 11वी मे 95 प्रतिशत के साथ उतीर्ण होकर पूरे संकुल मे प्रथम आई है जिनका चयन राधाकृष्ण शैक्षणिक प्रतिभा प्रोत्साहन के लिया हुआ है जिसके तहत छात्रा को अलग अलग माह प्रोत्साहन राशि एवं स्कूल बैग के साथ स्कूल ड्रेस,गरम कपड़े,टिफिन बॉक्स सहित आवश्यक सामग्री प्रदान किया जायेगा। इस दौरान संकुल समन्वयक सीताराम यादव,गजेन्द्र सिंह ठाकुर, शशिप्रभा साहू, नरसिंग साहू व स्टॉफगण मौजूद रहे।

### विषयवार शिक्षकों की हो नियुक्ति : दीवान

**आरंग।** अच्छी व उत्तम शिक्षा हेतु शालाओ में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति आवश्यक है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रें की शालाओ में दर्ज संख्या के अनुसार शिक्षकों की कमी होने से बच्चो की पढाई प्रभावित होती है। कई शालाये एक या दो शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रही हैं। प्रधान पाठक विहीन सैकडो प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में प्रभारी शिक्षक अपना दायित्व निभा रहे हैं। शिक्षक कल्याण संघ प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान ने शिक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट करते हुए शालाओ में अतिशीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है, ताकि नये सत्र में बच्चो को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके।

### काउंटर लगाकर भाषा व गणित की जानकारी दी

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा विकासखंड के समस्त प्राथमिक शाला में अंगना मा शिक्षा 4.0के अंतर्गत पढ़ाई तिहार कार्यकम बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।जिसके लिए तिल्दा ब्लॉक के स्त्रोत समन्वयक श्री संतोष शर्म सर ब्लॉक के अंगना मा शिक्षा की ब्लॉक नोडल रश्मि किरण नायक व पुष्पा शर्मा ने सभी प्राथमिक शालाओं के अंगना मा शिक्षा के प्रभारी ,सभी सीएसी गण प्रधान पाठक कार्यक्रम में सक्रिय रहे शिक्षक शिक्षिकाए प्राथमिक शालाओं की सक्रिय माताओं और कक्षा पहली के प्राथमिक शाला के सभी बच्चो का कार्यक्रम सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में 9 काउंटर लगाकर व भाषा व गणित की 3 गतिविधियों द्वारा कक्षा पहली के बच्चो का आकलन किया गया।विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सर ने एफएलएन लक्ष्य प्राप्ति में आंगन मा शिक्षा कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताते हुवे माताओं को घर पर बच्चो की शिक्षा में विशेष ध्यान देने हेतु आग्रह किया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपेक्षा अनुसार एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे के नेतृत्व में जनपद परिसर में किया गया।

इस अवसर पर नीम, कदम, सोनपत्ती आम आदि विविध प्रजाति के पौधे लगाए गए तथा एसडीएम आरंग शर्मा ने कहा कि पूरे विकासखंड में शासकीय अशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं, स्वास्थ्य केंद्रों एवं चिन्हित स्थानों में वृक्षारोपण अभियान चल रहा है तथा पूरे विकासखंड को पर्यावरण की –ष्टि से समृद्ध करने का लक्ष्य है। वही सीईओ लहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री के अपेक्षा अनुसार यह कार्यक्रम हमें इस बात का संदेश देता है की सांस हो रही है कम, आओ पेड़ लगाए हम। आगे उन्होंने कहा कि यदि हम मानव पेड़ों का उपकार भूल जाए तो आने वाले समय बहुत पछतावा होगा तथा मां के बाद उसके समान ही संरक्षण हमें पेड़ों से मिलता है। इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षु आईएएस अनुपमा आनंद ने वृक्षारोपण को सुंदर जीवन एवं परिवेश का आधार बताते हुए प्र—ति को मां के रूप में परिभाषित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड के ग्राम पंचायतों में पीपल, बर, नीम, अमरूद, सीताफल, मूनगा, आंवला एवं कई सजावटी पौधे रोपे गए।

## नीम, कदम, सोनपत्ती आम समेत विविध प्रजाति के पौधे लगाए



### भागीदारी रही

इस अवसर पर शिक्षकगण महेंद्र कुमार पटेल, अरविंद वैष्णव एवं करारोपण अधिकारी एबल सिंह सिदार, एडीईओ छत्रधारी सोनकर, योगेन्द्र चंद्राकर, कार्यक्रम प्रभारी अनिल चंद्राकर, धर्मेंद्र नायक, अतुल चंद्राकर, अंजू निषाद, स्मिता सेन काजल श्रीवास, मुकेश वर्मा, सत्यनारायण चंद्राकर ऑपरेटर अंकिता चंद्राकर, महेंद्र गणवीर, दुष्यंत साहू, रामजी निर्मलकर आदि सभी कर्मचारीगणों की उपस्थिति रही।

## हादसा : गुस्साए ग्रामीणों ने रानीसागर-चिखली मार्ग पर चक्काजाम किया

# बेकाबू ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर, सवार मां-बेटी की मौके पर मौत एवं पिता घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

- पुत्री आरती का दो माह पूर्व ही विवाह हुआ था और आषाढ़ मनाने आई थी मायके
- चालक मनोज यादव गिरफ्तार और ट्रक को किया जब्त





आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम चपरीद में सड़क हादसे में मां–बेटी की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को पीछे से ठोकर मारी, जिससे बाइक में सवार मां और बेटी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं बाइक चला रहे पिता घायल हो गए। इस हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने रानीसागर–चिखली मार्ग में चक्काजाम कर दिया, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बता दें कि मृतिका आरती का दो माह पूर्व ही विवाह हुआ था और पहला आषाढ़ मनाने के लिए वह अपने मायके आई हुई थी। जानकारी के अनुसार ग्राम चपरीद निवासी महेश साहू मोटर सायकल क्र. सीजी 04 एमटी 3781 से अपनी पत्नी उत्तरा और बेटी आरती के साथ आरंग आ रहा था, गांव के भाटापारा चौक के तालाब के पास तेज रफ्तार ट्रक वाहन क्र. सीजी 04 जेडी 7694 ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक से गिर गए और ट्रक ने महेश साहू की पत्नी उत्तरा साहू और बेटी आरती को अपने चपेट में लिया गया, जिससें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मृतकों के शव को सड़क पर रखकर मुआवजे और शराब दुकान को बंद करने की मांग करते हुए रानीसागर–चिखली मार्ग में चक्काजाम कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा, तहसीलदार सीता शुक्ला भी तुरंत चपरीद पहुंचे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए घटना स्थल से आरंग के मर्चुरी लाया गया। इधर आरंग पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक मनोज यादव आयु 23 वर्श पिता दिलीप यादव साकिन परागांव सडक पारा थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है।

# हिंदू विरोध बयान पर राहुल का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

भाजयुमो अभनपुर मंडल द्वारा बस स्टैण्ड में कांग्रेस सासंद राहुल गांधी द्वारा लोकसभा सदन मे हिन्दू हिसंक वाले बयान का विरोध करते हुए पुतला दहन कर जमकर नाराबाजे करते विरोध प्रदर्शन किया गया।

भाजयुमों जिला महामंत्री गौरव शर्मा ने बताया की देश में बहुसंख्यक हिंदू धर्मावलंबी को हिंसक बताना भारत की आत्मा पर प्रहार हैं, कांग्रेस पार्टी व उसके युवराज हमेशा हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने में परहेज नही करते राम मंदिर का विरोध,राम सेतु को तुड़वाने की साजिश, प्रभु श्री राम को काल्पानिक कहना एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए अब राहुल गांधी द्वारा इस साजिश के तहत बयान देना दुर्भाग्यजनक हैं , हिंदू हितों की रक्षा के लिए भाजपा कार्यकर्ता सदैव तत्पर रहते हैं और भविष्य में भी वे ऐसी ताकतों से लडऩे में सक्षम हैं ।

इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री भरत बैंस, नगर पंचायत उपाध्यक्ष किशन शर्मा, शांतनु सिन्हा,जिला सोशल मीडिया प्रभारी वरुण राठी, गोयल भट्ट, राजा राय, ज्ञान प्रकाश चंद्राकर,कान्हा गोस्वामी,भाजयुमों मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र साहु, झड़ी पटेल, सागर साहु, राजा बैंस,भूपेश,भीम यादव,कमलेश साहु, योगेश सिन्हा सहित भाजयुमों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेवरा संकुल कन्या शाला में पढ़ाई तिहार मनाया

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय प्राथमिक शाला नेवरा संकुल कन्या नेवरा में शाला के प्रांगण में अंगना मा शिक्षा 4.0 कार्यक्रम के अंतर्गत पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया।

जिसमें शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी साहू मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता दी। मीना पटेल प्रधानपाठक के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कक्षा पहली की माताएं सक्रिय रूप से सम्मिलित हुई।ब्लॉक नोडल रश्मि किरण नायक मैडम द्वारा कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया, मैडम ने सभी माताओं को घर में उपलब्ध सामग्री के जरिए बच्चो को इस तरह से ज्ञान देने व योग्य बनाने की बात कही, जिससे बच्चे अपनी दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना कर सके।श्रीमती पूर्णिमा



वर्मा कन्या नेवरा आंगन मा शिक्षा की अपनी शाला की प्रभारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।सीमा सातंकर मैडम व कृष्ण कुमार ध्रुव सर का कार्यक्रम सफल बनाने में विशेष योगदान रहा ।

# कंपनी का दावा, ईडीटीए ट्यूब की कीमत 25-30 रुपए, सप्लाई नियमानुसार

**रायपुर।** सीजीएमएससी को सप्लाई की गई दवाइयों की कीमत और मात्रा को लेकर लगे आरोपों के बीच संबंधित कंपनी मोक्षित कार्पोरेशन ने दावा किया है कि उसने सही और निर्धारित दाम पर ही सामग्री की सप्लाई की है। कारपोरेशन का कहना है कि सीजीएमएससी की वेबसाइट में सप्लाई की गई सामग्री ईडीटीए ट्यूब का विवरण प्रति पैकेट के आधार पर लिखा गया है, इसलिए कीमत 2300 से 3000 दर्ज है, जबकि एक पैकेट में 100 नग होते हैं, इस लिहाज से उसकी कीमत 25 से 30 रुपए ही होती है।

# सचिव आबिदी ने आंबा के भोजन की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर



महिला एवं बाल विकास विभाग सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी एवं संचालक श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा आगनबाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण किया। अधिकारियो ने उपरवारा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्र मांक 1 एवं 2 का निरीक्षण करते भोजन स्वाद परीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता जांच की उन्होने आंगनबाड़ी मे उपस्थित बच्चों का परिचय लेते अनौपचारिक शिक्षण गतिविधि में स्वयं शामिल हुए। केन्द्र में फुलवारी पर बच्चो के फोटो के साथ जन्मदिन अंकित चित्रांकन की सराहना की गई। समुदाय आधारित कार्यक्रम सुपोषण चौपाल थीम- डायरिया प्रबंधन एवं बचाव की जानकारी कार्यकर्ता के द्वारा दी गई।

महिला बाल विकास के अधिकारियो ने स्थानीय निकायों से सहयोग लेकर पोषण वाटिका निर्मित करने व अन्य आवश्यक सुविधायें विकसित करने,केन्द्र के भीतरी दिवारों पर शिक्षण सामग्री पेंटिंग, पोषण ट्रेकर एप्प के सपोर्टिव सुपरविजन डैसबोर्ड के नियमित अवलोकन करने का निर्देश परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक व आ.बा. कार्यकर्ता को दिये गये। माह के प्रथम सप्ताह में स्व सहायता समूहों से प्राप्त सामग्री, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों से चर्चा एवं संधारित फार्म व पंजियों का अवलोकन किया गया।

# कृषि कार्यालय में किया सघन पौधारोपण

**तिल्दा नेवरा।** वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तिल्दा के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आज वृक्षारोपण का कार्य किया गया जिसमें अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुमन देवव्रत नायक, भाजपा किसान मोर्चा के तिल्दा ग्रामीण अध्यक्ष विजय ठाकुर , वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के इन रस्तोगी, एन एस दंडोतिया, खिलेंद्र वर्मा, रितेश



रात्रे, नितेश ताम्रकार, निखिल नायक, डेविड तिर्की, श्रीमती कुंज लता वर्मा, श्रीमती , पवित्र कुर्रे, रोशनी राय , राहुल हिरन खेरे, सहित कृषि विभाग में कार्यरत स्टाफ आदि उपस्थित रहे। साथ ही वृक्षारोपण उपरांत सभी ने इसके देखरेख की जिम्मेदारी भी ली।

# महादेव सट्टा एप से जुड़े दुर्ग महाराष्ट्र के पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट ने महादेव सट्टा एप पैनल से सट्टा संचालन करने के आरोप में पांच आरोपियों को महाराष्ट्र, पुणे से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 47 मोबाइल के साथ 56 एटीएम तथा अलग-अलग बैंको की 50 पासबुक जब्त की है। पुलिस अफसर अकाउंट में जमा रकम होल्ड कराने बैंकों को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं। एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सट्टा संचालित करने के आरोप में महाराष्ट्र, नागपुर निवासी अतुल भगवान पराते, भिलाई निवासी विक्रांत रंगारे, अंशुल रेड्डी, देवेन्द्र कुमार विशाल उर्फ टिंकू तथा कुशल ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अफसर के मुताबिक दशरथ निषाद ने मौदहापारा थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके परिचित बढ़ईपारा निवासी मोहित विश्वकर्मा ने उसे झांसे में लेकर बैंक में अकाउंट खुलवाया। इसके बाद मोहित, दशरथ के बैंक पासबुक, एटीएम अपने कब्जे में लेकर उसका इस्तेमाल करने महादेव सट्टा संचालित करने वालों को दे दिया। दशरथ की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की पड़ताल कर आरोपियों तक पहुंची।

## पेज 11 के शेष...

### सावन से पहले झड़ी...

परिसंचरण उत्तर झारखंड के ऊपर 3.1 से 5.8 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से यह स्थिति निर्मित हो रही है। गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 33.2 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 20.7 डिग्री नारायणपुर में दर्ज हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री कम 31.3 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1 डिग्री कम 24.2 डिग्री दर्ज हुआ। जुलाई के दूसरे सप्ताह से होने वाली भारी बारिश के पूर्व अधिकतम तापमान में थोड़ी वृद्धि संभावित है, लेकिन यह बढ़ोतरी विशेष रूप से उल्लेखनीय रहेगी।

### पत्थर गैंग का आधी...

के मुताबिक कमल विहार गेट-1 स्थित प्रभुचंदा ज्वेलर्स के संचालक कमल बघेल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। कमल ने पुलिस को बताया कि वह किराए की दुकान लेकर ज्वेलरी शॉप संचालित कर रहा है। कमल के अनुसार बुधवार को वह दुकान बंद कर चला गया। दूसरे दिन तड़के छह बजे उसे उसके मकान मालिक ने दुकान के शटर का ताला टूटे होने के साथ शटर ऊपर उठे होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर कमल ने अपनी दुकान की पड़ताल की, तो कैश काउंटर, डिसप्ले तथा बॉक्स में रखे जेवर के साथ नकदी गायब मिली। इसके बाद कमल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## शिक्षा गीत में नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति

# पढ़ाई तिहार में विद्यार्थियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चपरीद में पढ़ाई तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत नवप्रवेशी बच्चों के साथ–साथ सभी विद्यार्थियों का तिलक कर मुंह मीठा कराया गया एवं शैक्षिक गतिविधियां जैसे खेल–खेल में शिक्षा, गीतों के माध्यम से शिक्षा, नृत्य अभिनय से शिक्षा एवं समूह गतिविधियां भी हुई। इस अवसर पर वृक्षारोपण के साथ–साथ न्योता भोज का भी आयोजन जनपद सदस्य आरंग योगेंद्र साहू के सौजन्य से हुआ। प्रधानपाठक मृणाल पांडेय शिक्षक कोमल धुरव, अभिषेक वारे, पूर्णिमा इंदौरिया आदि की उपस्थिति रही।






### चरौदा में मना शाला प्रवेशोत्सव

**आरंग।** शासकीय नवीन प्राथमिक, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के संयुक्त संयोजन में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम के जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों व पालकों को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व पालकों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक चंदन लगाकर अभिनंदन किया। साथ ही गणवेश, टाई, पुस्तक व चाकलेट भेंटकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। वहीं मध्यान्ह भोजन समूहों द्वारा बच्चों को खीर पुड़ी खिलाया गया। इस मौके पर उपसरपंच तोषण साहू, एसएमसी अध्यक्ष संतोष कोसरिया, शिक्षाविद संकुन चंद्राकर, सदस्य चंदन साहू सहित बड़ी संख्या में बच्चों, पालकों व तीनों शालाओं के शिक्षक–शिक्षिकाओं की सहभागिता व उपस्थिति रही।

### शाला के प्रवेशोत्सव उड़े अबीर गुलाल



अभनपुर। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सातपारा मे शाला प्रवेश उत्सव(पढाई तिहार) तथा अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। नवप्रवेशी बच्चो का अतिथियो द्वारा अबीर से स्वागत कर पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत माताओं द्वारा खेलकूद,जनौला, मिट्टी का खिलौना बनाना, कुर्सी दौड़ सहित विविध आयोजन संपन्न हुये वही स्कूल प्रबंधन एवं स्टाफ द्वारा नेवता भोज दिया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती चेतना खापरडे, उप सरपंच कामेश्वर झा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष काशीराम कुर्रे, प्रधान पाठक बुलाकी राम अनेश्वरी,प्रधान पाठक तालुक राम साहू,हिरेश कुमार साहू,थनेश कुमार साहू, श्रीमती नीतू सिन्हा,श्रीमती प्रीति पूजा ठाकुर ,श्रीमती देवकी साहू , श्रीमती राजेश्वरी साहू,सदस्यगण,पालकगण सहित पंचगण उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन

मैं ईशनीत कौर सिब्बल पिता श्री हरपाल सिंह सिब्बल उम्र 28 वर्ष निवासी म.नं. 303/33, श्याम नगर गुरुद्वारा रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ :-
(1) यह कि मेरा नाम व पता उपर वर्णित अनुसार सत्य एवं सही है।(2) यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरी माता गुलबास कौर सिब्बल अंकित है।(3) यह कि मेरे इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन न्यू दिल्ली के दस्तावेजों में मेरी माता का नाम गुलबाश सिब्बल अंकित है।(4) यह कि गुलबास कौर सिब्बल एवं गुलबाश सिब्बल दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरी मम्मी के हैं।(5) यह कि किसी प्रकार के गलत कथनों की जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।(6) यह कि उक्त कथनों की सत्यता में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

ईशनीत कौर सिब्बल
शपथकर्ता

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष/2023-24
सारागांव दिनांक 02/07/2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश वर्मा पिता स्व. जगदीश प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम नगरगांव उप तहसील सारागांव जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरी माता परमबाई वर्मा पति स्व. जगदीश वर्मा की मृत्यु दिनांक 12/07/2021 ग्राम नगरगांव जिला रायपुर में हुआ था जिसका रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु/ को पंजीयन हेतु आदेश जारी करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 16/07/2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

# बीपीएल कोटे का करीब 7 हजार क्विंटल चावल एपीएल धारकों को बांट दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

रायपुर जिले में अप्रैल और मई में कई राशन दुकानों ने बीपीएल कोटे का चावल एपीएल धारकों को बांट दिया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार दुकानदारों ने सात हजार क्विंटल चावल बांटने में गड़बड़ी की है, जिसके एवज में करीब 70 लाख रुपए की रिकवरी की जानी है। इस रिकवरी के बाद ही इन दुकानदारों को एपीएल चावल का आबंटन किया जाएगा। इधर आबंटन नहीं होने के कारण इन दुकानों में एपीएल धारकों को चावल भी नहीं मिल पा रहा हैं, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। चावल लेने के लिए एपीएल धारकों को अब दूसरे मोहल्ले या वार्ड की दुकान में जाना पड़ रहा है।

## कई राशन दुकानों में चालू महीने में भी नहीं मिल पा रहा है एपीएल धारकों को चावल

### कम आबंटन के कारण बनी स्थिति, बढ़ाने प्रस्ताव भेजा गया

*खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जितने दुकानदारों ने चावल बांटने में गड़बड़ी की है, इसके लिए नोटिस जारी कर उन्हें राशि जमा कराने के लिए कहा गया है। यह राशि जमा होने के बाद ही उन्हें चावल आबंटन किया जाएगा। अधिकारियों का यह भी कहना है कि दुकानदारों ने गलती की है, जिसके लिए कार्रवाई करना उचित नहीं होगा, क्योंकि कहीं न कहीं यह स्थिति एपीएल कोटे का कम चावल आबंटन करने के कारण बनी है। पंजीकृत कार्डों की संख्या के अलावा दुकानदारों को वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत दूसरे वार्ड, शहर या राज्य के हितग्राही को भी चावल देना पड़ता है। इसके कारण दुकानों में एपीएल चावल का कोटा कम पड़ने लगा है। इसे लेकर कई बार दुकानदार एपीएल कोटे का आबंटन बढ़ाए जाने की मांग भी कर चुके हैं। इस मांग और दुकानों में बनी स्थिति को देखते हुए विभाग ने अब आबंटन बढ़ाने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा है, जिस पर निर्णय लिया जाना है।*



### आबंटन बढ़ाने भेजा है प्रस्ताव

दुकानदारों की मांग पर एपीएल कोटे का आबंटन बढ़ाने के लिए प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है। आबंटन बढ़ने के बाद दुकानदार भी इस तरह की गड़बड़ी नहीं करेंगे।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### 3 दिन बाद खुली राशन दुकान, लगी भीड़

एसडीसी सर्वर में लगातार आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन क्लाउड सर्वर एनआईसी के माध्यम से किराए पर लिया गया है। इसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित करने की कार्यवाही 1 से 3 जुलाई तक चली। इस दौरान विभाग के सर्वर में बाधा आने के कारण सभी राशन दुकानें भी बंद रहीं। तीन दिन बाद दुकानें खुलने के कारण दुकानों में राशन लेने वालों की दिनभर भीड़ लगी रही।


## खबर संक्षेप

### कंपनी का दावा, ईडीटीए ट्यूब की कीमत 25-30 रुपए, सप्लाई नियमानुसार

**रायपुर।** सीजीएमएससी को सप्लाई की गई दवाइयों की कीमत और मात्रा को लेकर लगे आरोपों के बीच संबंधित कंपनी मोक्षित कार्पोरेशन ने दावा किया है कि उसने सही और निर्धारित दाम पर ही सामग्री की सप्लाई की है। कारपोरेशन का कहना है कि सीजीएमएससी की वेबसाइट में सप्लाई की गई सामग्री ईडीटीए ट्यूब का विवरण प्रति पैकेट के आधार पर लिखा गया है, इसलिए कीमत 2300 से 3000 दर्ज है, जबकि एक पैकेट में 100 नग होते हैं, इस लिहाज से उसकी कीमत 25 से 30 रुपए ही होती है। कंपनी ने कागजों में सप्लाई की बात को यह कहकर गलत ठहराया है कि शासन के जिम्मेदार अफसरों के भौतिक सत्यापन के बाद ही सामग्री की सप्लाई की गई है। कंपनी प्रबंधन ने यह भी कहा कि उनका पूरा काम पारदर्शी तरीके से होता है। प्रतिस्पर्धी एक-दूसरे के दस्तावेज देख सकते हैं।

### विरागसागर गुरुदेव की समाधि

**रायपुर।** पूज्य आचार्य श्री विरागसागरजी गुरुदेव की समाधि 4 जुलाई की रात 2.30 बजे हो गई। उनका अंतिम डोला सुबह ठीक 11 बजे महाराष्ट्र के अक्षय मंगल



कार्यलय, देवमूर्ति ग्राम, सिंदखेड राजा रोड जालना से एक किमी दूरी पर पाटनी फार्म परिसर से निकाली गई। बड़ी संख्या में उनके रायपुर में भी अनुनायी हैं। रायपुर जैन समाज द्वारा सभी दिगंबर जैन मंदिरों में आचार्यश्री की सद्गति के लिए शांतिधारा पूजन एवं विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया है। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

## निधन

### ज्वाला कश्यप

**रायपुर।** पुरानी बस्ती निवासी वरिष्ठ



रंगकर्मी ज्वाला कश्यप का 4 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके निवास से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे बलराम कश्यप के भाई थे।

### जीवराखन सेन

**रायपुर।** आरंग लाखौली निवासी



जीवराखन सेन (96) का विगत दिनों निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कृष्ण कुमार सेन, रमेश सेन एवं राजू सेन के पिता थे।

### रणजीत तिवारी

**रायपुर।** गांधीनगर निवासी, छग पुलिस से सेवानिवृत्त रणजीत



तिवारी (90) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बमनपुरा (उत्तरप्रदेश) में 5 जुलाई को किया जाएगा। वे संतोष तिवारी, राकेश तिवारी के पिता एवं आकाश तिवारी के दादा थे।

## निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही से हितग्राही हो रहे परेशान

# राशनकार्ड वितरण की व्यवस्था चरमराई हितग्राही खुद ढूंढ रहे, स्टेप्लिंग भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नया राशन कार्ड वितरण ने हितग्राहियों की परेशानी बढ़ा दी है। नया राशन कार्ड छपने के बाद शहरी क्षेत्र में इसका वितरण का काम नगर निगम को दिया गया है, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही व कामचोरी की वजह से हितग्राहियों को नया राशन कार्ड लेने में पसीना छूटने लगा है। राजधानी रायपुर में विभिन्न जगहों पर नगर निगम ने राशन कार्ड वितरण की व्यवस्था की है, जहां हितग्राहियों को स्वयं से अपना राशन कार्ड ढूंढने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके कारण हितग्राहियों को कार्ड ढूंढने में कई घंटे लग रहे हैं, वहीं कई हितग्राहियों को घंटों ढूंढने के बाद भी कार्ड मिल नहीं पा रहा है, जिसके कारण उन्हें बार-बार कार्ड लेने के लिए वितरण केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। हरिभूमि ने एक सप्ताह पहले शहर में कई राशन कार्ड वितरण केंद्रों की पड़ताल की थी। इस पड़ताल में इन केंद्रों में भारी अव्यवस्था पाई गई थी, जिसके कारण हितग्राहियों को कार्ड बनकर आने के बाद भी नहीं मिल पा रहा था। यह व्यवस्था अभी तक सुधर नहीं पाई है। हरिभूमि की टीम गुरुवार को भी शहर में कई राशन कार्ड वितरण केंद्रों में पहुंची। इस दौरान मठपुरैना स्थित सामुदायिक भवन में नया राशन कार्ड वितरण में भारी अव्यवस्था पाई गई। यहां निगम के दो महिला कर्मचारियों ने वितरण का मोर्चा संभाला हुआ था। इस कमरे में नये राशन कार्ड को अल्फाबेट सीरियल नंबर के साथ जमा करके फर्स पर रख दिया था, जहां हितग्राहियों की भीड़ लगी हुई थी। सभी हितग्राही स्वयं से फर्स पर पड़े कार्ड बंडल में अपना कार्ड ढुंढ रहे थे।



### साढ़े चार लाख कार्ड बन चुके अब तक तीन लाख ही बंट पाए

*रायपुर जिले में 6 लाख 5 हजार 816 कार्ड धारक हैं। इनमें से लगभग साढ़े चार लाख कार्ड धारकों के नए कार्ड बन चुके हैं, जिन्हें वितरण के लिए निगम और जनपद कार्यालयों को भेजा गया हैं, लेकिन इनमें भी अब तक करीब डेढ़ लाख कार्ड बंट नहीं पाए हैं।*

### नए कार्ड को स्टेप्लिंग बिना बांट रहे

नया राशन कार्ड को तीन फार्मेट में तैयार किया गया है। कवर पेज, पीडीएफ फाइल तथा हितग्राही के नाम, पता व सदस्यों के डिटेल से भरा पेज है। इन तीनों को कम्बाइंड करने के लिए स्टेप्लिंग किया जाता है, जिसके बाद ही पूर्ण राशन कार्ड बनता है। खाद्य विभाग ने नगर निगम को कवर पेज, पीडीएफ फाइल का अलग-अलग बंडल में सप्लाई किया है, जिसे कम्बाइन व स्टेप्लिंग कर इसका वितरण किया जाना है, लेकिन केंद्रों में स्टेप्लिंग बिना ही नए कार्ड बांटे जा रहे हैं।

### कार्ड या फाइल इधर-उधर होने की संभावना

*वितरण केंद्रों में जिस तरह से नए राशन कार्डों का वितरण हो रहा है, उससे कहीं कार्ड तो कहीं पीडीएफ फाइल इधर-उधर होने की संभावना बनी हुई है। इसके कारण हितग्राहियों की परेशानी और बढ़ेगी।*

### पार्षद कार्यकर्ता की वजह से और बिगड़ रही व्यवस्था

*वितरण केंद्रों में निगम कर्मचारियों के अलावा कई जगहों पर वार्ड पार्षद के लोगों की भी मदद ली जा रही है, लेकिन कार्यकर्ताओं के कारण केंद्रों में वितरण व्यवस्था सुधरने की जगह और बिगड़ रही है। मठपुरैना सामुदायिक भवन में तैनात निगम गर्मी सुनीता बघेल ने बताया कि कार्यकर्ता अपने-अपने परिचित लोगों को कार्ड ढूंढकर देना छोड़कर कार्डों का बंडल के पास बिठाकर उन्हें ही कार्ड ढूंढने की छूट दे रहे हैं, जिसके कारण व्यवस्था और बिगड़ रही है।*


### शहर में ज्यादा परेशानी

*ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में कार्ड वितरण में ज्यादा परेशानी आ रही है, जिसके कारण शहर में अब तक करीब एक लाख कार्ड बंट नहीं पाए हैं।*

# निगम के चैटबोट में 20 दिन में 99 शिकायतें

## सबसे ज्यादा 38 शिकायतें स्ट्रीट लाइट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नगर निगम के चैटबोट में 20 दिन में शहर की जनता ने शहर के अलग-अलग इलाकों से 99 शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें सबसे ज्यादा शिकायत स्ट्रीट लाइट को लेकर है। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट और नए स्ट्रीट पोल में महीनों से बिजली बत्ती की व्यवस्था नहीं होने पर लोग खासे नाराज हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा 38 शिकायतें स्ट्रीट लाइट को लेकर प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों की निगरानी महापौर एजाज ढेबर और निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा कर रहे हैं। ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों में सड़क मरम्मत को लेकर 18 लोगों ने शिकायत की है। खराब सड़क को सुधारने और बरसात के समय आवागमन में परेशानी का जिक्र उन्होंने अपनी कंपलेंट में किया है। इसी तरह शहर में वायु प्रदूषण को लेकर चैटबोट में 11 कॉल रिसीव किये गये। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा शुरू किये गये निदान 1100 में ऑनलाइन शिकायतों का सिलसिला थमा नहीं, इधर नगर निगम रायपुर द्वारा 20 दिन पूर्व शुरू किये गये चैटबोट नंबर पर धड़ाधड़ शिकायतें मिलने लगी हैं। नगर निगम के आईटी हेड रंजीत रंजन ने बताया कि 20 दिन में आम जनता से 99 शिकायतें चैटबोट पर मिली हैं। इसे निदान 1100 की टीम को संबंधित विभाग में समन्वय कर समाधान कराने दिया गया है।

### आपरेटरों की ट्रेनिंग शुरू

*जिला स्तरीय कंट्रोलरूम संचालित करने से पहले आपरेटरों को प्रशिक्षण देने का काम शुरू हो गया है। विभागीय ट्रेनिंग के बाद प्रशिक्षित आपरेटर आम जनता से प्राप्त विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को संबंधित विभाग तक पहुंचाकर समाधान कराने की कड़ी के रूप में काम करेंगे। कंट्रोलरूम में न केवल नगर निगम, बल्कि राजस्व सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर दूर किया जायेगा।*

### चैटबोट में प्राप्त शिकायत पर एक नजर

*स्ट्रीट लाइट से संबंधित 38*
*सड़क मरम्मत संबंधी 18*
*कचरा उठाने को लेकर 15 शिकायतें*
*आवारा मवेशी - 4*
*गार्डन में गंदगी : 3*
*पानी साफ नहीं आ रहा -9*
*होर्डिंग्स से जुड़ी 1 शिकायत*

## अटल आवास में रहने वाली महिला की हत्या

# कबीर नगर में तीन दिन के भीतर हत्या की दूसरी वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कबीर नगर थाना क्षेत्र में तीन दिन के भीतर हत्या की दूसरी वारदात हुई है। लाश तीन से चार दिन पुरानी बताई जा रही है। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है। महिला के पति ने पुलिस को बताया है कि नागपुर से लौटने के बाद उसे अपने घर का दरवाजा बंद मिला और अंदर से बदबू आने पर कमरे के अंदर झांक कर देखा, तो उसे बिस्तर पर अपनी पत्नी की लाश दिखी। पुलिस के अनुसार अटल आवास निवासी सोनू जायसवाल की हत्या होने की शिकायत उसके पति संजय जायसवाल ने दर्ज कराई है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम के साथ पुलिस टीम पहुंची थी। हत्या गला दबाकर की गई है या किसी धारदार हथियार से, इस बात की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही होगी। लाश सड़ चुकी थी, इस वजह से हत्या कैसे हुई है, इस बात का पुलिस सही ढंग से अंदाजा नहीं लगा पा रही है।

### पति से पुलिस कर रही पूछताछ

पुलिस के अनुसार महिला का पति छोटे-मोटे काम करता है। उसके दो छोटे बच्चे हैं। घटना के समय महिला के बच्चे कहां थे, इस बात को लेकर पुलिस पड़ताल कर रही है। महिला के पति ने पुलिस को बताया है कि वह अपने निजी काम से नागपुर गया था, इस वजह से उसे हत्या को लेकर किसी तरह से कोई जानकारी नहीं है। पुलिस इस की जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि संजय किस काम के लिए नागपुर गया था। संजय को पुलिस संदेहास्पद मानकर चल रही है।

# महादेव सट्टा एप से जुड़े पांच आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट ने महादेव सट्टा एप पैनल से सट्टा संचालन करने के आरोप में पांच आरोपियों को महाराष्ट्र, पुणे से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 47 मोबाइल के साथ 56 एटीएम तथा अलग-अलग बैंको की 50 पासबुक जब्त की है। पुलिस अफसर अकाउंट में जमा रकम होल्ड कराने बैंकों को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं। एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सट्टा संचालित करने के आरोप में महाराष्ट्र, नागपुर निवासी अतुल भगवान पराते, भिलाई निवासी विक्रांत रंगारे, अंशुल रेड्डी, देवेन्द्र कुमार विशाल उर्फ टिंकू तथा कुशल ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अफसर के मुताबिक दशरथ निषाद ने मौदहापारा थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके परिचित बढ़ईपारा निवासी मोहित विश्वकर्मा ने उसे झांसे में लेकर बैंक में अकाउंट खुलवाया। इसके बाद मोहित, दशरथ के बैंक पासबुक, एटीएम अपने कब्जे में लेकर उसका इस्तेमाल करने महादेव सट्टा संचालित करने वालों को दे दिया। दशरथ की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की पड़ताल कर आरोपियों तक पहुंची।

# बाहर 100 रुपए में बिरयानी, अंदर मिली सड़ी दही व सब्जी, गंदगी के बीच पक रहा था चिकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




शहर में लगातार गंदगी और बदबू के बीच खाना बनाने के मामले सामने आ रहे हैं। इसके साथ भोजन बनाने में खराब खाद्य सामग्री का इस्तेमाल तथा शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजन भी एक साथ बनाने की शिकायतें मिल रही हैं। इसी कड़ी में प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा गुरुवार को बैजनाथपारा स्थित बिरयानी सेंटर में छापा मारा गया। यहां केवल 100 रुपए प्लेट की दर से बिरयानी परोसी जा रही थी। विभाग को गंदगी में खाना पकाने और खराब सामग्री का इस्तेमाल करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके आधार पर टीम द्वारा यहां दबिश दी गई। टीम जब नागपुर कूकर बिरयानी सेंटर के अंदर खाना बनाने वाले स्थान पर गई, तो अंदर सड़ी हुई दही, सब्जी और चिकन मिला। इसके साथ बगैर साफ-सफाई का ध्यान रखे गंदगी के बीच खाना बनाया जा रहा था। कर्मचारियों को बेसिक हाईजीन की भी जानकारी नहीं थी। टीम ने लूज कुक्ड बिरियानी, दालचा का सैंपल लिया है। इसे जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

■ **खाद्य एवं औषधि विभाग ने बैजनाथपारा स्थित नागपुर कूकर बिरियानी में मारा छापा**

### दिया है नोटिस

हमने बिरयानी संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत सुधार के लिए नोटिस दिया है। यदि सुधार नहीं किया जाता है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-एहसान तिग्गा,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी

### नष्ट कराई कई चीजें

जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एहसान तिग्गा, पूनम माझी, सिद्धार्थ पांडे सहित सुजीत मुखर्जी और राकेश घीदौड़े शामिल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंदर लगभग 20 किलो चिकन, सब्जी, दही सड़ी हुई हालत में मिली। इसे अफसरों ने नष्ट करवाया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व जांच में अशोका बिरयानी में शाकाहारी और मांसाहारी भोजन एक साथ बनाए जाने का मामला सामने आया था। इसके अलावा रामा डेयरी में अनहाइजीनिक कंडीशन में स्टोर किए गए 50 किलो से अधिक क्रीम को नष्ट कराया गया।

# आरंग, बिरनपुर की घटना को लेकर मुस्लिम महासभा की राज्यस्तरीय बैठक

*गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर संरक्षण-संवर्धन करें*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के मुस्लिम समाज ने गुरुवार को बैजनाथपारा स्थित मुस्लिम हॉल में प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया। बैठक में राज्य के सभी जिलों के समाज प्रमुख के साथ ही मस्जिदों के मुतवल्ली सहित समाज के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए। बैठक का आयोजन आरंग में तीन मवेशी कारोबारियों तथा बिरनपुर में दो चरवाहों की मिली लाश को लेकर किया गया था।

हुसैनी सेना प्रमुख राहिल रऊफी के मुताबिक रायपुर में आयोजित मुस्लिम सभा में 10 बिंदुओं पर चर्चा की गई। इनमें प्रमुख रूप से गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने के साथ बीफ एक्सपोर्ट कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग, पशु परिवहन तथा तस्करी पर सख्ती से रोक, आरंग मामले में दोषियों की गिरफ्तारी के साथ हत्या का अपराध दर्ज कर सीबीआई जांच की मांग, गोरक्षा के नाम पर उगाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सहित अन्य मांगें शामिल हैं।



### आरंग की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

आरंग में तीन मवेशी कारोबारियों की मौत मामले को समाज के लोगों ने मॉब लिंचिंग मानते हुए घटना की सीबीआई जांच की मांग की है। इसके साथ ही घटना को आत्महत्या का रूप देने पर प्रदेश स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा प्रदेश में अमन-चैन कायम रखने के साथ भाईचारा कायम रखने समाज के लोगों ने अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास करने की बात कही।

### भयमुक्त वातावरण नहीं बनाने पर प्रशासन के प्रति आक्रोश

समाज के लोगों ने राज्य को शांति का प्रदेश बताया है। समाज के लोगों ने मुस्लिम समाज के लिए भयमुक्त वातवरण नहीं बनाने पर आक्रोश व्यक्त किया है। साथ ही आरंग की घटना के बाद लोगों में भय का वातावरण निर्मित होने की बात कही। बैठक में अकरम नईम रिजवी अशरफी, राहिल रऊफी, नाज रिजवी, सैयद मोहम्मद अशरफ, एजाज कुरैशी, फहीम शेख, रफीक गोटिया, शेख अफसर, निहाल खान, सोहेल सेठी, गुड्डा सेठी, मोहम्मद अमजद खान, एहतेशाम हुसैन, मोहम्मद इरफान, शेख अकरम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सदीक शजी सानी, मोहम्मद मुमताज सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

# एक दर्जन टीआई, पुलिसकर्मी चुने गए कॉप ऑफ द मंथ



**रायपुर।** उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के एक दर्जन टीआई, एसआई, एएसआई तथा अन्य पुलिसकर्मी जून माह के लिए कॉप ऑफ द मंथ चुने गए हैं। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन आरक्षकों को एसएसपी संतोष सिंह ने निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया है। कॉप ऑफ द मंथ चुने गए टीआई, पुलिसकर्मियों की जिले के सभी थानों में फोटो लगाई जाएगी। एसएसपी ने टिकरापारा टीआई दुर्गेश रावटे नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान तथा पुलिस लाइन के निरीक्षक वैभव मिश्रा जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए कॉप ऑफ दम मंथ चुने गए हैं।

## पेज 11 के शेष

### सावन से पहले झड़ी...

परिसंचरण उत्तर झारखंड के ऊपर 3.1 से 5.8 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से यह स्थिति निर्मित हो रही है। गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 33.2 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 20.7 डिग्री नारायणपुर में दर्ज हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री कम 31.3 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1 डिग्री कम 24.2 डिग्री दर्ज हुआ। जुलाई के दूसरे सप्ताह से होने वाली भारी बारिश के पूर्व अधिकतम तापमान में थोड़ी वृद्धि संभावित है, लेकिन यह बढ़ोतरी विशेष रूप से उल्लेखनीय रहेगी।

### पत्थर गैंग का आधी...

के मुताबिक कमल विहार गेट-1 स्थित प्रभुचंदा ज्वेलर्स के संचालक कमल बघेल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। कमल ने पुलिस को बताया कि वह किराए की दुकान लेकर ज्वेलरी शॉप संचालित कर रहा है। कमल के अनुसार बुधवार को वह दुकान बंद कर चला गया। दूसरे दिन तड़के छह बजे उसे उसके मकान मालिक ने दुकान के शटर का ताला टूटे होने के साथ शटर ऊपर उठे होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर कमल ने अपनी दुकान की पड़ताल की, तो कैश काउंटर, डिसप्ले तथा बॉक्स में रखे जेवर के साथ नकदी गायब मिली। इसके बाद कमल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## नाम परिवर्तन

मैं ईशनीत कौर सिब्बल पिता श्री हरपाल सिंह सिब्बल उम्र 28 वर्ष निवासी म.नं. 303/33, श्याम नगर गुरुद्वारा रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं :-
(1) यह कि मेरा नाम व पता ऊपर वर्णित अनुसार सत्य एवं सही है।(2) यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरी माता गुलबास कौर सिब्बल अंकित है।(3) यह कि मेरे इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन न्यू दिल्ली के दस्तावेजों में मेरी माता का नाम गुलबाश सिब्बल अंकित है।(4) यह कि गुलबास कौर सिब्बल एवं गुलबाश सिब्बल दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरी मम्मी के हैं।(5) यह कि किसी प्रकार के गलत कथनों की जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।(6) यह कि उक्त कथनों की सत्यता में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

ईशनीत कौर सिब्बल
शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### तीन प्राचार्यों को मिला इंस्पायरिंग एजूकेशन हीरो अवार्ड



**रायपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए शहर के तीन प्राचार्यों को पिछले दिनों एजूकेशन ग्लोबल नेटवर्क ने गीतम यूनिवर्सिटी विशाखापट्टनम में आयोजित देश के प्रतिष्ठित स्कूलों के प्राचार्यों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया। पुरस्कृत प्राचार्यों ने गुरुवार को राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से सौजन्य भेंट की तथा अपनी उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराया और खुशियां साझा कीं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल की प्राचार्या सौम्या रघुवीर, स्कॉलर्स स्कूल की प्राचार्या नीता अवस्थी और वाइकन स्कूल की प्राचार्या रम्पी बरार ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एजूकेशन ग्लोबल नेटवर्क एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो शिक्षा के क्षेत्र में नए तकनीक का प्रयोग, सीखने-सिखाने के नए तरीकों के लिए तथा दुनियाभर में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे प्रयोगों के लिए अनुसंधान कार्य करती है तथा सालभर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन तथा कार्यशाला आयोजित करती है।

### कौशल्या साय ने देखा मोर बाई हाई फाई का ट्रेलर, फिल्म को सराहा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित फिल्म मोर बाई हाई फाई 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय ने फिल्म का ट्रेलर देखा और इसकी जमकर तारीफ की। मोर बाई हाई फाई फिल्म के निर्माता और नायक प्रकाश अवस्थी हैं, जबकि नायिका सृष्टि देवांगन हैं। फिल्म का निर्देशन नितेश लहरी ने किया है। फिल्म में योगेश अग्रवाल, क्रांति दीक्षित, राजू पाण्डेय, दीपाली पांडेय, नैनी तिवारी, अनुपम वर्मा, प्रमिला रात्रे, देवेंद्र पांडेय, घनश्याम वर्मा, लता राही, वर्षा बर्मन, आनंद साहू, विजय मिश्रा, आयशा, लकी रघुवंशी समेत कई कलाकार भी हैं।

### जोन-6 में निशुल्क नेत्र एवं दंत रोग जांच शिविर आज

**रायपुर।** जोन-6 दफ्तर में शुक्रवार को निशुल्क नेत्र एवं दंत रोग जांच के लिए शिविर लगाया जा रहा है। इस संबंध में जोन कमिश्नर ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि दोपहर 3 से 6 बजे तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित है।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म हंडा का आज से प्रदर्शन

रायपुर। निर्माता मोहित साहू की छत्तीसगढ़ी फिल्म हंडा शुक्रवार से प्रदेश के 68 सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित होगी। माही फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह फिल्म रायपुर के श्याम टॉकीज में पहले दिन 5 शो व दूसरे व तीसरे दिन 6 खेलों में प्रदर्शित होगी। फिल्म हंडा मनोरंजन व हास-परिहास में भरपूर है। फिल्म का निर्देशन व पटकथा लेखन अमलेश नागेश ने किया है।


# डीसी सेंटर से समन्वय बगैर स्मार्ट मीटर लगाने से रीडिंग करने में आ रहा लोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम करने वाली टाटा कंपनी के कर्मचारी डीडी नगर सहित कुछ क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रहे हैं। इसको लगाने से पहले डीसी सेंटर से समन्वय न होने कारण अब रीडिंग को लेकर परेशानी हो रही है।

पुराने और नए मीटर के डाटा के कारण रीडिंग कैसे होगी इसको लेकर रीडर परेशान हैं। ऐसे में डीसी सेंटरों ने साफ कह दिया है कि जहां पर रीडिंग हो जा रही है, वहीं की जानकारी लेने के बाद ही वहां पर मीटर बदलने का काम करें। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो नए और पुराने मीटरों की रीडिंग में फंसकर उपभोक्ता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। डीडी नगर में नए मीटर लगने के कारण एक तारीख से प्रारंभ होने वाली रीडिंग विलंब से प्रारंभ हुई है। केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश में 54 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी ने लिया है। राजधानी रायपुर के साथ संभाग में ज्यादातर जिलों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। घरेलू के साथ गैर घरेलू उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं।

### ठेका लेने वाली कंपनी के कर्मचारी धड़ाधड़ कभी भी बदल रहे कहीं के भी मीटर



#### अब रीडिंग होने के बाद बदलेंगे मीटर

जिन क्षेत्रों में रीडिंग पूरी हो जाएगी, वहां से ही मीटर बदलने का काम करने के लिए टाटा कंपनी से कहा गया है, ताकि किसी भी तरह की परेशानी से बचा सके।

**- राजेंद्र प्रसाद,** सीई, स्मार्ट मीटर योजना

### डाटा को लेकर परेशानी

डीडी नगर में अब तक एक हजार से ज्यादा पुराने मीटर निकालकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। जिन उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदले गए हैं, उनका पुराना डाटा डीसी सेंटर में मीटर लगाने वाली कंपनी ने समय पर उपलब्ध नहीं कराया है, इसकी वजह से एक तारीख को प्रारंभ होने वाली रीडिंग जहां प्रारंभ नहीं हो सकी है, वहीं इस बात को लेकर बड़ी परेशानी हो रही है कि पुराने मीटरों को माह के बीच में बदलने के कारण अब पुरानी और नई रीडिंग के बीच के तीस दिनों की गणना कैसे होगी। स्पॉट रीडिंग में पुराने रीडिंग और नई रीडिंग को देखकर एक माह का बिल बनता है। स्पॉट बिलिंग करने वाले रीडरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, दो रीडिंग ही स्पॉट बिलिंग की मशीन में दर्ज होती है, लेकिन स्मार्ट मीटर माह के बीच में लगने के बाद अब पुरानी रीडिंग, जब मीटर बदला गया उस समय की रीडिंग और नए मीटर की रीडिंग को मिलाकर तीन तरह की रीडिंग होने के कारण इसका स्टॉप बिलिंग की मशीन में दर्ज हो पाना ही संभव नहीं है। ऐसे में अब रीडिंग कैसे होगी इसको लेकर रीडर परेशानी में हैं। डीसी सेंटर के अधिकारी इसका हल निकालने के प्रयास में हैं। तीन रीडिंग के लिए मैनुअल तरीका अपनाना पड़ सकता है। पॉवर कंपनी के ही अधिकारी ही कह रहे हैं, अगर पुराने और नए मीटर के रीडिंग के बीच में किसी कारणवश गलत रीडिंग दर्ज हो गई तो इसका खामियाजा भी उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा।

## तात्यापारा से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण की मांग

# महापौर और कांग्रेसी पार्षदों ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर किया पैदल मार्च




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को लेकर गुरुवार को महापौर एजाज ढेबर सहित कांग्रेस पार्षद सड़क पर उतरे। सड़क चौड़ीकरण की मांग करते हुए पार्षद दल ने नगर निगम से जयस्तंभ चौक तक पैदल मार्च कर ध्यान आकर्षित कराया। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि पिछली सरकार ने लोक निर्माण विभाग को सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का बजट दिया है। टोकन के तौर पर 4 करोड़ दिये जा चुके हैं। इसके बाद भी राज्य सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही।

महापौर एजाज ढेबर, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, सभापति प्रमोद दुबे और कांग्रेसी पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय से जयस्तंभ चौक तक पैदल यात्रा की। वे लोक निर्माण विभाग से शारदा चौक से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण अविलंब शुरू करने की मांग करने सड़क पर उतरे। इससे पहले कांग्रेस पार्षद दल ने नगरीय निकाय और लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मुलाकात की थी। महापौर ने उप मुख्यमंत्री से सड़क चौड़ीकरण के लिए स्वीकृत फंड को जारी करने और लोक निर्माण एजेंसी से सड़क चौड़ीकरण का काम नगर निगम को देले की मांग की थी। श्री ढेबर ने कहा कि दलगत राजनीति से उठकर जनहित में रायपुर शहर के बारे में विचार करना चाहिए। सड़क चौड़ीकरण करने से जहां सुगम आवागमन में आसानी होगी। वहीं आसपास के व्यापारियों ट्रेफिक जाम से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।

### 19 साल पहले बना था चौड़ीकरण का प्रस्ताव

शहर के लाइफ लाइन माने जाने वाले तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव 19 साल पहले बनाया गया था। पूर्व महापौर सुनील सोनी के कार्यकाल में उस समय पहले फेज में आमापारा से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण हुआ। दूसरे फेज में तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव रहा। पर दूसरे फेज का काम शुरू होने से पहले निगम में सत्ता बदल गई। सुनील सोनी की जगही किरणमयी नायक महापौर बनी। किरणमयी के बाद प्रमोद दुबे महापौर बने। इस दौरान कई बार दूसरे फेज यानी तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया। मुआवजे को लेकर नगर निगम और राज्य शासन के बीच सहमति नहीं बन पाई। निगम चुनाव से पहले एक बार फिर तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मामला चर्चा में है। पैदल मार्च में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, रितेश त्रिपाठी, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, पूर्व पार्षद राकेश धोतरे, जितेन्द्र अग्रवाल सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

# महावीर नगर सहयोग पार्क के पास जलभराव, रहवासी बिफरे



- जोन कमिश्नर के नाम सौंपा ज्ञापन
- सड़क मरम्मत की मांग, निकास नाली की व्यवस्था सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के रानी दुर्गावती वार्ड स्थित शारदा विहार महावीर नगर के रहवासियों ने जलभराव की समस्या को लेकर गुरुवार को प्रदर्शन किया। रहवासी निकास नाली की व्यवस्था सुधारने और खस्ता हाल सड़क की मरम्मत की मांग करने सड़क पर उतरे। निगम प्रशासन का ध्यान जलभराव की समस्या के प्रति आकर्षित कराने उन्होंने सड़क जाम कर विरोध जताया। प्रभावित बस्ती के रहवासी संजय नागर ने बताया, जलभराव की समस्या को लेकर जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है।

शहर में जलभराव की समस्या को लेकर प्रभावित इलाकों के रहवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। महावीर नगर के सहयोग पार्क वाली सड़क खस्ता हाल होने के साथ ही लोगों के घरों के सामने गंदा पानी भरने से लोग परेशान हैं। सूत्रों के मुताबिक बुधवार को हुई बारिश में सड़क पर जलभराव होने और जगह-जगह गड्ढा होने से एक व्यक्ति चोटिल हो गया। सड़क मरम्मत की मांग वार्डवासी पार्षद से भी कर चुके हैं, पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई। इससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है। सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने निकास नाली की समस्या दूर करने नारेबाजी की।

वार्ड पार्षद सहदेव व्यवहार का कहना है, महावीर नगर में रोड बनाने का प्रपोजल जोन 10 में भेजा गया है। ग्राम पंचायत के समय में बनी सड़क है। हमने पहले तत्कालीन निगम कमिश्नर और अब वर्तमान निगम कमिश्नर को इस स्थिति से अवगत करा दिया है।

#### जल भराव की समस्या दूर होगी

महावीर नगर में सड़क पर गंदा पानी भरने और निकास नाली की समस्या के प्रति लोगों ने ध्यान आकर्षित कराया है। जल भराव की समस्या को प्रमुखता से दूर किया जायेगा।

**-रमेश जायसवाल जोन कमिश्नर,** जोन क्रमांक 10, नगर निगम रायपुर

## घटना की हो सीबीआई जांच, नहीं तो दिल्ली में प्रदर्शन

- राज्यपाल से मिलकर बलौदाबाजार की घटना पर सौंपा ज्ञापन

# भीम आर्मी प्रमुख ने कहा- निर्दोष लोगों को पीटा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा, बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों पर जुल्म हो रहा है। इस जुल्म को हम लोग नहीं सहेंगे, इसलिए हम यहां आए हैं। कल सदन खत्म हुआ है और आज मैं छत्तीसगढ़ में हूं। छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज के लोगों पर जुल्म किया जा रहा है। सतनामी समाज बहुत न्यायप्रिय और हिंसा में विश्वास नहीं करने वाला है। षड्यंत्र करके उनको टारगेट किया जा रहा है। मैं उसके खिलाफ हूं। राजधानी रायपुर पहुंचने के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से मुलाकात की और बलौदाबाजार हिंसा मामले को संज्ञान में लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा, इस घटना के बाद जिलाधिकारी और एसपी हटाए गए हैं। यानी कि उन लोगों ने लापरवाही बरती थी। उनकी गलती नहीं होती, तो क्यों हटाते? उन्होंने गलती की, उनकी लापरवाही से इंटेलिजेंस फेल हुआ है। उनसे कोई बातचीत नहीं की गई, उसका परिणाम है। लंबे समय से सतनामी समाज की आस्थाओं से खिलवाड़ हो रहा है। एक महीने पहले से वह ज्ञापन दे रहे हैं। सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। हमारे आस्था का सम्मान नहीं हो रहा है। घटना की सीबीआई जांच होनी चाहिए। किसी जाति, किसी धर्म का हो उस पर कार्रवाई हो। निर्दोष लोगों को पीटा जा रहा है। सतनामी समाज और भीम आर्मी के जो नौजवान हैं, उनको पीटा जाएगा, तो यह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### सही जांच न होने पर दिल्ली में करेंगे आवाज बुलंद

भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा, दिल्ली में हम आवाज उठाएंगे। हम छत्तीसगढ़ सदन और गृहमंत्री भवन का घेराव करेंगे। सरकार संज्ञान ले, जिनको बचाना चाहती है। उनको बचाने के बजाय इस बड़ी घटना के पीछे जो और बड़े घोटाले को दबाने का प्रयास सरकार कर रही है। वह नहीं होना चाहिए।

### सरकार अपने गिरेबान में झांके

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के क्रेडिट लेने राजनीति दल कर रहे बयानबाजी वाले बयान पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा, तो सरकार जुल्म करना बंद कर दे। सरकार अपने गिरेबान में झांककर देखे। घासीदास को मानने वाले पूरे देश में रहते हैं। सरकार का यह फेलियर है। सरकार आस्था का सम्मान करने में फेल हुई, लोगों को प्रोटेक्ट करने में फेल हुई। सरकार को जवाब देना होगा।

# 10 ट्रेनों की 20 पार्सल बोगी को लीज पर देगा रेलवे ई-निविदा में व्यापारियों के बीच दिखेगी प्रतिस्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामान को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी व एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेलवे की पार्सल सेवा छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए छोटे व बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल, माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंडल से चलने वाली 10 ट्रेनों की 20 पार्सल बोगी को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर ई-निविदा 5 जुलाई को जारी होगी। पार्सल बोगी लीज आबंटन की प्रक्रिया 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से की जाएगी। इस ई-निविदा के लिए वेबसाइट पर सभी इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकते हैं, जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर अर्थात डीएससी है ।





- आज जारी होगी ई-निविदा, 19 जुलाई को आबंटन की प्रक्रिया
- माल ढुलाई करने व्यापारियों को लीज पर मिलेगी पार्सल बोगी

### नर्मदा समेत बीकानेर और निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस की बोगी लीज पर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, 18247 बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस, 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस, 22407 अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस एवं 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस सहित 10 ट्रेनों के 20 पार्सल बोगी को लीज पर दिए जाने ई-निविदा जारी की जा रही है। लीज होल्डर को गाड़ी के प्रारम्भिक स्टेशन के साथ-साथ यात्रा मार्ग के सभी पार्सल आधारित स्टेशनों में पार्सल लोडिंग व अनलोडिंग की सुविधा भी प्राप्त होती है।

### पार्सल आफिस में सामान की खुली नीलामी 10 को

पार्सल आफिस में रखे हुए असंबद्ध व गैरसुपुर्द उपयोगी सामान की खुली नीलामी समय-समय पर की जा रही है। इसी संदर्भ में सामान की अगली खुली नीलामी 10 जुलाई 2024 बुधवार को प्रातः 11 बजे से बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में किया जाएगा। नीलामी की जाने वाली सामानों में डीप फ्रीजर, ट्रालीबैग, पानी व कोल्डड्रिंक की बोतलें शामिल हैं । इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस खुली नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी में भाग लेने हेतु निश्चित परिचयपत्र (आईडी) के साथ 10 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से पहले बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में उपस्थित हो सकते हैं।

## बिजनेस साइट

# महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज का 18वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक) का आज 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। 2006 में मात्र 93 छात्र-छात्राओं को लेकर प्रारंभ हुआ यह कॉलेज वर्तमान में 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहा है। मैक कॉलेज में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कोर्स के साथ-साथ व्यवसायिक संबंधित कोर्स भी करवाए जाते हैं। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में मैक कॉलेज से विभिन्न विभाग के विद्यार्थी प्रतिवर्ष मेरिट में अपना स्थान दर्ज करा रहे हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित होते हैं, जिसमें जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड रोवर एवं रेंजर सहित लर्न विला के अंतर्गत विभिन्न सर्टिफिकेट




कोर्स प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, एंड्रॉयड, डिजिटल मार्केटिंग, फ्रेंच लैंग्वेज तथा टैली आदि संचालित किए जाते हैं। मैक म्यूजिक तथा डांस आदि की यूनिट कॉलेज में संचालित किया जाता है।

कॉलेज के विद्यार्थियों को शिक्षित करते हुए, उन्हें संस्कारवान बनाने का हरसंभव प्रयास यहां की उच्चस्तरीय फैकल्टी टीम द्वारा किया जाता है।

- विधानसभा अध्यक्ष और जल संसाधन मंत्री से करेंगे मुलाकात

# पेंड्रावान जलाशय बचाने किसान संघर्ष समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पेंड्रावन जलाशय के कैचमेट में पुनः खनन परियोजना की अनुमति नहीं मिले, इसे लेकर पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति की बंगोली स्थित रेस्टहाउस में बैठक की गई। इसमें पेंड्रावन जलाशय को बचाने के लिए निर्णय लिया गया है कि समिति प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात करेगी और खनन की अनुमति कंपनी को नहीं दे, इसकी मांग की जाएगी।

समिति के पदाधिकारी घनश्याम वर्मा और आलोक शुक्ला ने बताया कि अल्ट्राटेक कम्पनी के दवाब में जल संसाधन विभाग ने 3 जनवरी 2017 को खनन के पक्ष में एनओसी जारी किया था। इसके विरोध में 20 मार्च को व्यापक किसान आंदोलन हुआ था, जिसके बाद तत्कालीन जल संसाधन मंत्री ने एनओसी को निरस्त कर दिया था। उन्होंने बताया कि निरस्तीकरण के इस आदेश को कम्पनी ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। इस पर न्यायालय ने 25 अप्रैल 2024 को विभाग के निरस्तीकरण के आदेश को खारिज करते हुए जल संसाधन विभाग से कहा था कि वह कंपनी को सुनवाई का अवसर देते हुए तीन महीने के अंदर पुनः निर्णय ले। समिति की बैठक में विचार-विमर्श के बाद तय किया गया कि खनन के पक्ष में राज्य सरकार एनओसी जारी न करे, इसकी मांग करेंगे। बैठक में पूर्व विधायक देवजी पटेल, उद्धव राम वर्मा, देवव्रत नायक, आलोक शुक्ला, खेमनाथ नायक, अनिल नायक, नरोत्तम शर्मा, विसहत कुर्रे, धर्मेंद्र बैरागी, अंकित वर्मा, डॉ ऋषि कांत चौधरी, दीनू अग्रवाल, घनश्याम वर्मा शामिल हुए।

### चैंबर ने ई-वे बिल यथावत रखने लिखा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चैंबर ने पत्र प्रेषित कर चीफ कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी भोपाल सीपी गोयल को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने की मांग की है। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि संबंधित पत्र के माध्यम से ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं की जानकारी दी गई। इस संबंध में राज्य जीएसटी आयुक्त एवं सेंट्रल जीएसटी आयुक्त को भी अधिसूचना पर पुनः विचार करने पत्र भेजा गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024


लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04



गल्डन कलर के नेल आर्ट डिजाइंस ...


**कैंपस इवेंट**

## हैंडपंप की जगह नल के प्रयोग से पानी की बचत



**रायपुर।** एनआईटी और यूनिसेफ द्वारा सामूहिक रूप से "वॉटर, एनर्जी एंड क्लाइमेटः विजन फॉर छत्तीसगढ़" पर एकदिवसीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यहां विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन, पेयजल की बढ़ती समस्याओं, ऊर्जा के संसाधनों के उचित उपयोग पर विस्तार से अपने विचार रखे। निदेशक डॉ. रमना राव ने सस्टेनेबल वॉटर मैनेजमेंट, रेनवेटर हार्वेस्टिंग आदि को बढ़ावा देने की बात की एवं जैव ईंधन पर निर्भरता को कम करने पर जोर दिया। सम्मेलन में पानी, ऊर्जा और जलवायु विषयों पर तीन पैनल डिस्कशन सत्र आयोजित किए गए।

### वॉटर मैनेजमेंट के लिए अधिक कार्य करने की आवश्यकता

छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा सचिव प्रसन्ना आर. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, यूनिसेफ ओडिशा छत्तीसगढ़ के प्रमुख विलियम हेनलोन, सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ.एमके वर्मा एवं एमिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. पीयूष कांत पांडे भी शामिल रहे। डॉ.वर्मा ने कहा कि हमें वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट और सस्टेंबल एनर्जी के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा काम करने चाहिए। डॉ. पांडे ने छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति के बारे में बताते हुए कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने के उपाय सुझाए। मोहम्मद कैसर ने बताया की आज के समय में ग्रामीण क्षेत्रों की निर्भरता हैंडपंप से टैप वॉटर तक बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। विलियम हेनलोन ने सोलर पंप्स और इन संसाधनों के फायदे बताए।

**सिटी इवेंट**

## नए पदाधिकारियों ने संभाला जिम्मा साझा की आगामी वर्ष की योजनाएं




**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन और कॉस्मो दीवास ने वर्ष 2024-25 के लिए नई टीम का चुनाव किया। एक निजी होटल में इसका आयोजन किया गया। इस समारोह में आशीष नत्थानी और प्रदीप गोयल को कॉस्मोपॉलिटन का अध्यक्ष व सचिव चुना गया। वनिता सिंघल और कोपल सरावगी को दीवास का अध्यक्ष और सचिव चुना गया। नए निदेशक मंडल का भी गठन किया जाएगा। पूर्व पदाधिकारियों ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्षों ने पिछले वर्ष में उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के विषय में बताया तो वहीं नए क्लब अध्यक्षों ने आने वाले वर्ष में अपनी योजनाएं बताई।

### लायंस क्लब ने भी गठित की नई कार्यकारिणी



समाज सेवा के लिए गठित लायंस क्लब शिखर की नई कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है। संरक्षक रोज पाण्डेय व सचिव चंद्रकांता ओसवाल के नेतृत्व में नई कार्रकारिणी ने शपथ ग्रहण किया। वृंदावन हॉल में यह आयोजन हुआ। इस दौरान विजय अग्रवाल, प्रीतपाल बाली, रंजना क्षेत्रपाल, लक्ष्मी बुरड़ व अन्य शामिल रहे।

**लाइव इवेंट**

## घर-कार्यस्थल रखें साफ इससे दूर रहेंगी बीमारियां




**रायपुर।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पालिक निगम बीरगांव में 'सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ' अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं नगर निगम बिरगांव के नंदलाल देवांगन मुख्य अतिथि स्वरुप उपस्थित रहे। उन्होंने कहा स्वच्छता की शुरुआत हमें अपने घर से ही करनी होगी। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य स्थल को साफ और सुंदर बनाना होगा। हमारे आसपास के स्थान, कार्यस्थल और हमारे घर के आस-पास सफाई होने से संभावित बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में कृपाराम निषाद, मोहम्मद रियाज, इकराम अहमद, ओमप्रकाश साहू, केहरुराम साहू, रुक्मणी सिन्हा, पूनाराम साहू, श्वेता आंबिलकर, दीपक खांडे अन्य शामिल हुए।

### पर्यावरण शुद्ध रखें



नालंदा लाइब्रेरी परिसर में ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के प्रकृति प्रेमियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत 50 पेड़ लगाए गए, जिसमें नीम, बरगद, पीपल, आम, आंवला, बेल, गुलमोहर आदि शामिल रहे। सेंट्रल कोर कमेटी के डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, नालंदा परिसर की मंजुला जैन, जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारी केदार पटेल, ग्रीन आर्मी के गुरदीप टुटेजा, चेतन पटेल, दुर्गा जैन व अन्य शामिल रहे।

### 10वीं-12वीं की मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाले श्रमिकों के बच्चे हुए सम्मानित

# माता-पिता मजदूर, पैसों से करेंगे नीट-जेईई की कोचिंग कई की तमन्ना प्रशासनिक अधिकारी बनकर जनसेवा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत गुरुवार सुबह विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्रमिकों के बच्चों को योजना के तहत दो-दो लाख रुपए का चेक दिया गया। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय उपस्थित रहे, जिनके द्वारा बच्चों को चेक के माध्यम से सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं-12वीं की मेरिट सूची में आने वाले ऐसे बच्चे जो श्रमिक परिवार से आते हैं, उन्हें यह विशेष सम्मान दिया गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और प्रशासनिक अधिकारी बनने की राह को आसान बनाना है।

### पिता मिस्त्री, बनना है आईएएस

दसवीं की मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली पद्मनी शांडिल्य सिविल सर्विसेज में जाना चाहती हैं। दसवीं बोर्ड परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली होनिशा के पिता मिस्त्री का काम करते हैं। वहीं सम्मानित अन्य छात्रों में होनिशा ने कहा कि वो डिप्टी कलेक्टर बनना चाहती हैं। कक्षा दसवीं में पांचवा स्थान बनाने वाली जिज्ञासा ने कहा, मेरे पिता मजदूरी करते है। वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हैं। इसी तरह मेरिट में आठवां स्थान प्राप्त करने वाले खोमेंद्र ने बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहता है।







### छात्रावास में रहकर की पढ़ाई

आयुष के पिता कृष्ण कुमार साहू ने बताया, आयुष 9वीं कक्षा से ही प्रयास अवासीय विद्यालय जशपुर से छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा हूं। छात्रावास में रहने के कारण अधिक छुट्टी नहीं मिलता। सरकार द्वारा मिले रुपए से जेईई की कोचिंग करने की योजना है। पूर्ण रुप से पढ़ाई के लिए पैसों का उपयोग करेंगे।

### छात्रों ने पहली बार देखा मुख्यमंत्री निवास

इनमें से कई विद्यार्थी ऐसे रहे, जो पहली बार सीएम हाऊस पहुंचे हुए थे। अधिकतर बच्चे अपने माता-पिता संग यहां पहुंचे रहे। कार्यक्रम को लेकर उनमें अलग ही तरह का उत्साह रहा। हाईस्कूल और हायरसेकंडरी की मेरिट लिस्ट में 13 विद्यार्थी ऐसे हैं, जो श्रमिक परिवार से आते हैं। सभी छात्रों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। गुरुवार को सीएम हाऊस में जनदर्शन भी रखा गया था। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिक बनने का सपना होगा पूरा

बारहवीं बोर्ड में उत्तीर्ण विद्यार्थी वेदिका निषाद ने पुरस्कृत होने के बाद कहा, बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान प्राप्त किया है। आने वाले भविष्य में वह कृषि वैज्ञानिक बनना चाहती हैं। कृषि महाविद्यालय में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा दिलाई है। वेदिका ने बताया, उसके माता-पिता किसानी और मजदूरी करके परिवार कर गुजर-बसर करते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई राशि से वह आगे की पढ़ाई कर अपने वैज्ञानिक बनने का सपना पूरा करेगी।

### चिकित्सक बनने की इच्छा, कोचिंग के लिए करूंगी पैसों का प्रयोग

महासमुंद निवासी निशा प्रधान ने बताया, दसवीं कक्षा में 97.33 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुई। ग्यारवीं में विज्ञान विषय का चयन कर कार्डियोलॉजिस्ट बनना है। मुख्यमंत्री द्वारा 2 लाख रुपए दिया गया, जिसमें एक लाख स्कूटी और एक लाख पढ़ाई के लिए दिया गया है। नीट की पढ़ाई करने के लिए पैसों का उपयोग करुंगी। मेरी सफलता के पीछे मेरे माता-पिता का योगदान है। जिन्होंने हमेशा मेरे कार्य को प्रोत्साहित किया। पिता करुणा सागर प्रधान नाई है। मां ममता प्रधान गृहणी है।

### पैरेंट्स को नहीं मिला पढ़ने का मौका

सूरजपुर निवासी दसवीं कक्षा के छात्र आयुष साहू ने बताया, बोर्ड परीक्षा में 97.17 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हुआ। ग्यारवीं कक्षा में गणित विषय का चयन करके भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से पढ़ाई करने की इच्छा है। वहीं आने वाले भविष्य में यूपीएससी की तैयारी पूर्ण कर प्रशासनिक अधिकारी बनना है। मेरे पिता कृष्ण कुमार साहू पेंटर हैं। मां कमला साहू मजदूरी का काम करती है। माता-पिता को अधिक पढ़ाई करने का अवसर नहीं मिला, लेकिन मुझे शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा प्रोत्साहित किया है।

# पहली बार जुलाई में 'आकार', 18 विधाओं में 20 से मिलेगा प्रशिक्षण, पंजीयन प्रारंभ



**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा 15 दिवसीय 'आकार' पारंपरिक शिल्प कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 जुलाई से महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में किया जा रहा है। 22 सालों से विभाग हर साल विभाग पारंपरिक शिल्प व कलाओं के संरक्षण, प्रचार-प्रसार, जागरूकता व रूचि जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित करता है, जिसमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग शामिल होते हैं। सामान्यतः विभाग द्वारा मई-जून में इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है, लेकिन लोकसभा चुनाव और आचार संहिता के कारण ग्रीष्मकालीन अवकाश में इसका आयोजन नहीं हो सका।

### संध्या 4 से 7 मिलेगा प्रशिक्षण

आकार शिविर 20 जुलाई से 4 अगस्त तक सायं 4 से 7 बजे तक में महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर सिविल लाइन रायपुर में लगाया जाएगा। इच्छुक प्रशिक्षु म्यूरल आर्ट, पेपरमेसी, क्ले आर्ट, चित्रकला, मधुबनी आर्ट, पटचित्र, बस्तर आर्ट, ग्लास पेंटिंग, गोदना आर्ट, बस्तर नृत्य-ककसार, गौर, आदिवासी लोक नृत्य, भरथरी, करमा नृत्य, जूट ज्वेलरी शिल्प, वुडन ट्रॉयवल आर्ट, स्केचिंग कैनवास पेंटिंग, लिप्पन आर्ट, मंडाला आर्ट, पैरा आर्ट, वांस आर्ट आदि विधाओं में प्रशिक्षण के लिए 100 रुपए पंजीयन शुल्क आकार कार्यालय में जमा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों को प्रशिक्षण शुल्क में छूट रहेगी।

### समापन पर कलाओं को करेंगे प्रदर्शित

संचालनालय, संस्कृति व राजभाषा, सेक्टर-27, व्यावसायिक परिसर, द्वितीय तल, नवा रायपुर अटल नगर के कार्यालयीन समय में संस्कृति विभाग एवं **E-mail: sanskriti.rajbhasha@ gmail.com**, **Website: www.cgculture.in** से प्रशिक्षण शिविर संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है और आवेदन प्रारूप भी डाउनलोड किया जा सकता है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित कलाओं को समापन दिवस के अवसर पर परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा व प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। अन्य जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में फोन नं. 0771-2995629, 2537404 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कौशल महोत्सव में कथक पेश कर विजेता बनी अनुष्णा

**रायपुर।** कौशल महोत्सव 2024 में अनुष्णा रॉय चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कृष्णा ललित कला महाविद्यालय द्वारा रायपुर में कौशल महोत्सव 2024 नामक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कई तरह की प्रस्तुतियां इसमें शामिल कलाकारों द्वारा दी गई। अनुष्णा रॉय चौधरी ने कथक में 8 मिनट की एकल प्रस्तुति दी। इसमें गणेश वंदना के बाद तराना शामिल था। इसे न्यायाधीशों और दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया। कई वर्ग में यह स्पर्धा हुई थी। एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा अनुष्णा सब जूनियर वर्ग में विजेता रही। तीन साल की उम्र से कथक कर रही अनुष्णा ने अपनी मां और गुरु चांदनी रॉय चौधरी से यह कला सीखी। अनुष्णा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को दिया।



### मालिक की अनदेखी के कारण हुआ यह हाल, ठीक होने पर भेजेंगे राजस्थान

# चार डॉक्टर्स ने 7 घंटे ऑपरेशन कर बचाई ऊंट की जान अब घायल 'सुल्तान' को नकली पैर लगाने करेंगे पहल

**कार्नर न्यूज**

***रायपुर।*** *नया रायपुर में बेजुबानों की सेवा करने वाली एनिमल वाटिका संस्था की पहल से चार डाक्टर्स की टीम ने सात घंटे ऑपरेशन करने के बाद गुरुवार को एक ऊंट की जान बचाई। एक पैर खो चुके ऊट (सुल्तान) दोबारा अपने पैरों पर चल सकें। इसके लिए संस्था ने नकली पैर लगवाने की पहल शुरू की है। एनिमल वाटिका की संचालिका कस्तूरी बल्लाल ने इस घटना को लेकर बताया कि हादसे में घायल सुल्तान ने एक पैर गंवा दिया है। इसे देखते हुए हम प्रयास कर रहे हैं कि वह फिर से चल सकें। इसके लिए नकली पैर लगवाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर संस्था का प्रयास सफल हुआ तो सुल्तान राज्य का पहला ऊंट होगा, जो नकली पैर से जीवन की नई पारी शुरू करेगा।*



### राजनांदगांव से लाया गया सुल्तान


उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले राजनांदगांव जिले में एक ऊंट को घायल अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया गया था। ऊंट का पैर टूटने के बाद लटक गया था। सही देखभाल और इलाज नहीं मिलने से राहत नहीं मिल रही थी। उसे नवा रायपुर के वाटिका एनिमल सेंचुरी में लाया गया। इसके बाद इलाज प्रारंभ किया गया। 4 डॉक्टर की टीम ने लगातार 7 घंटे तक ऑपरेशन करके ऊंट की जान बचाई। टीम में डॉ. जसमीत सिंह, डॉ.अविनाश मिरे, डॉ.तुशांत रामटेके और डॉ.लक्षिवी कुर्रे शामिल रहे।

### त्वचा मोटी होने से कठिन रहा परेशन

डॉक्टर्स की टीम में भिलाई के जाने-माने पशु चिकित्सक डॉ. जसमीत सिंह के नेतृत्व में सुल्तान के पैर का ऑपरेशन किया। इसमें ऊंट का पैर काटकर अलग किया गया है। डॉक्टर्स ने बताया कि ऊंट की यह हालत मालिक की अनदेखी से हुआ है। इलाज सही समय पर नहीं होने से गंगेरीन बन जाता है। ऊंट की त्वचा बहुत मोटी होने से ऑपरेशन कठिन होता है। पोस्ट केयर में भी कई महीने लग सकते हैं। कुछ दिनों में प्रोस्थेटिक पैर लगा करके ऊंट को चलाया जा सकता है। अभी सुल्तान को भी शेल्टर में इलाज के लिए लाया गया है, ठीक होने पर राजस्थान भेजेंगे।

## धर्म लाइव

# सांसारिक जीवन छुड़ाने वाला मंदिर किसी को पसंद नहीं



**रायपुर।** जैन दादाबाड़ी में आज से दस दिनों के बाद 15 जुलाई को जैन संत श्री विरागमुनि का भव्य प्रवेश होगा। मुनिजी का रायपुर प्रवेश हो चुका है और वे जिनवाणी की वर्षा करते हुए शहर के श्रावक-श्राविकाओं को लाभान्वित कर रहे हैं। जिनवाणी की वर्षा के क्रम में गुरूवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी के श्रीमुख से भाठागांव स्थित वॉलफोर्ट सिटी में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। शहर में चल रहे प्रवचन की श्रृंखला के दौरान उन्होंने कहा कि अनादि काल से मिथ्या ने अपना साम्राज्य फैलाकर रखा है। आज सिर्फ उन्हीं मंदिरों में भीड़ है जहां सुख मिलता है। सांसारिक जीवन के सुखों को छुड़ाने वाला मंदिर किसी को पसंद नहीं। जहां सुख है, वहां हमें दुख दिखता है और जहां दुख है, वहां हमें सुख दिखता है। हम धर्म के तथ्यों को ठीक से समझ नहीं पाए, सारी दुनिया घुमकर भी हमें सुख नहीं मिला और हम उलझकर रह गए।

### गुरु भगवंतों को भी डिस्काउंट नहीं

हम प्रवचन में आते हैं। सिर्फ प्रवचन सुनने तक ही धार्मिक बने रहते हैं और बाहर जाकर सब भूल जाते हैं। हम एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते हैं, क्योंकि कोई हमें प्रैक्टिकल अनुभूति नहीं करवाता। आप लोगों को लगता होगा कि यहां बैठकर प्रवचन करने वाले गुरु भगवंतों ने दीक्षा ले ली है तो उन्हें डिस्काउंट मिल गया होगा और उनको मोक्ष को प्राप्त करना सुनिश्चित हो गया होगा। जबकि ऐसा नहीं है। मोक्ष पाने के लिए हमें इस संसार के सभी जीवों से एनओसी लेना पड़ेगा। आपको अपने अंदर परिवर्तन लाना है, आपको विचारशील बनना है। आप रोज पूजा करके भगवान से मांगते हो पर अपनी आत्मा को झांककर नहीं देखते, आपके अंदर ही सुधार नहीं है तो आपको कभी कुछ मिलने वाला नहीं है।

## एग्जाम लाइव

# पीपीएचटी-पीएटी के मॉडल आंसर जारी, दावा आपत्ति 11 जुलाई तक

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पीपीएचटी तथा पीएटी के मॉडल आंसर गुरुवार को जारी कर दिए गए हैं। दोनों ही परीक्षाओं के लिए दावा आपत्ति 11 जुलाई तक मंगाई गई है। दावा आपत्ति करने वाले कैंडिडेट्स को प्रति प्रश्न 50 रुपए की राशि देनी होगी। व्यापम ने पीपीटी का आयोजन 23 जून को तथा पीपीएचटी का आयोजन 13 जून को किया था। 32 जिलों में ये प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। दावा-आपत्ति संबंधित प्रक्रिया सहित अन्य विस्तृत जानकारी व्यापम द्वारा अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अंतिम परिणाम जुलाई अंत तक जारी होने की संभावना है।

### एमए समाजशास्त्र में 49 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एमए समाजशास्त्र के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस परीक्षा में 1 हजार 777 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 874 छात्र उत्तीर्ण रहे हैं तथा 900 को अनुत्तीर्ण श्रेणी में रखा गया है। 156 विद्यार्थी ऐसे रहे हैं, जिन्होंने परीक्षा फॉर्म तो भरा, लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हुए। इस तरह से नतीजे 49.18 प्रतिशत रहे। छात्र अपने परिणाम रविवि की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर देख सकते हैं। निर्धारित अवधि में छात्रों द्वारा पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना के लिए आवेदन किए जा सकेंगे।

## एजूकेशन अपडेट

# श्रीमद्भगवतगीता में एमए की उपाधि प्रदान करेगा इग्नू




**रायपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने 14 नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा साझा की गई आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, श्रीमद्भगवतगीता से संबंधित भगवत गीता स्टडीज में एमए पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसी प्रकार कृषि व्यापार, हेल्थकेयर और हॉस्पिटल मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स और सल्पाई चेन मैनेजमेंट में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) भी शुरू किए गए हैं। इग्नू द्वारा शुरू किए नए पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक छात्र-छात्राएं 15 जुलाई तक दाखिला ले सकते हैं। इससे संबंधित अन्य जानकारी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### ऑनलाइन है पूरी प्रक्रिया

दाखिले की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इसके लिए स्टूडेंट्स को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट, **ignou.ac.in** पर एक्टिव लिंक या सीधे समर्थ पोर्टल, **ignouadmission.samarth.edu.in** पर जाकर एडमिशन फॉर्म भर सकते हैं। इसके बाद स्टूडेंट्स को संबंधित कोर्स के पहले सेमेस्टर अथवा ईयर के लिए निर्धारित फीस का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा। अप्लीकेशन सबमिट करने के बाद इग्नू द्वारा इनरोलमेंट नंबर जारी कर दिया जाएगा। हालांकि, आवेदन से पहले छात्र-छात्राओं को संबंधित पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए निर्धारित योग्यता को समर्थ पोर्टल पर विजिट करके चेक करने की सलाह दी गई है।

● 3 से 5 दिन में नाड़ी जांच रहे हैं वैद्य, प्रभु की सुबह-शाम विशेष सेवा

# प्रसाद की तैयारी प्रारंभ, नेत्र यात्रा से पहले भिगाएंगे चना और मूंग, बांस की छोटी टोकरी में देंगे प्रसाद

*भगवान जगन्नाथ अधिक नहाने से बीमार हैं। इस कारण परंपरा के तहत अभी गर्भगृह की जगह विश्राम कक्ष में चले गए हैं। 3 से 5 दिन में वैद्य उनकी नाड़ी जांच रहे हैं। उनकी सलाह पर औषधि व काढ़ा अर्पित किया जा रहा है। सुबह-शाम मंदिरों के पुजारी व सेवक भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र की सेवा की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।*



**रायपुर।** जैसे-जैसे रथयात्रा का समय नजदीक आ रहा है, मंदिरों में अब भोग-प्रसादी के साथ ही व्यवस्था बहाली के लिए तैयारी की जाने लगी है। रथयात्रा के दौरान आने वाले भक्तों के लिए पार्किंग और पूजा-अर्चना के लिए इंतजाम को प्राथमिकता में रखा गया है। मंदिरों में इस बार भी रथयात्रा के पूर्व मूंग को भिगाने व उसका प्रसाद तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।



### 11 बोरी चना व मूंग का प्रसाद

टूरी हटरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के पुजारी तिलक दास बताते हैं कि हर साल नेत्र यात्रा के बाद चना व मूंग को भिगाने का क्रम शुरु होता है। इस बार भी 11 बोरी चना व मूंग का प्रसाद तैयार किया जाएगा। इसे ही रथयात्रा के दौरान प्रसाद के रुप में बांटा जाता है। इस बार भी इसके लिए इंतजाम किया जाएगा। महाराज ने बताया कि चना व मूंग आमतौर पर गृहस्थ लोग किसी बीमारी से निजात पाने वाले को सेहत बनाने के लिए देते हैं। इसके तहत ही आने वाले भक्तों को प्रसाद में मूंग का भोग प्रदान किया जाएगा।





### नेत्रयात्रा के दिन निभाई जाएगी भोग बनाने की परंपरा

पं.मोहित पुजारी ने बताया कि बीमार होने पर लोग एकांत में रहना पसंद करते हैं। इस परंपरा के तहत स्नान पूर्णिमा के बाद से भगवान विश्राम कक्ष में हैं। जिस प्रकार से अस्वस्थ होने से आमतौर पर लोग किसी से ज्यादा मेल-जोल रखने से बचते हैं। उसी तरह से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा भी एकांतवास में हैं। इस बार 21 बोरी चना व मूंग का प्रसाद तैयार होगा। गायत्री नगर मंदिर में इस बार भोग बनाने की परंपरा नेत्रयात्रा के दिन निभाई जाएगी। आने वाले भक्तों की संख्या को देखते हुए 3 से 5 क्विंटल प्रसाद बनेगा।

### मराठी सामूहिक उपनयन संस्कार 7 को, दूसरे राज्यों से आएंगे युवा

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में 7 जुलाई को प्रातः 8 बजे से मराठी भाषी सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया है। आचार्य चेतन गोविंद दंडवते के नेतृत्व में होने वाले इस आयोजन में रायपुर के अलावा मध्यप्रदेश के युवा भी शामिल होंगे। आचार्य दंडवते ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं। अब तक रायपुर के अलावा धमतरी, कोरबा, भिलाई, दुर्ग और छिंदवाड़ा के बच्चे व युवा अपने परिवार, रिश्तेदारों के साथ शामिल होने के लिए पंजीयन करवा चुके हैं। आयोजन का उद्देश्य न्यूनतम खर्च पर श्रेष्ठतम सुविधाओं के साथ सामूहिक उपनयन संस्कार करना है। इस आयोजन के जरिए बाहर से आने वाले अतिथियों का महाराष्ट्र मंडल से परिचय कराया जाएगा। दंडवते के अनुसार, महाराष्ट्रियन संस्कार केंद्र की ओर से महाराष्ट्र मंडल के साथ मिलकर यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इसके अलावा भी सामूहिक मंगलागौर पूजा, मराठी वर-वधू परिचय सम्मेलन, महाशिवरात्रि पर्व पर सामूहिक लघु रुद्राभिषेक जैसे आयोजन कर समाज को एकजुट करने के जतन किए जाते हैं।

# आपका झूठ सुनता है दिमाग, इससे बदलती हैं चीजें

## कोई नकारात्मक व्यक्ति मिले तो बांधकर रखें अपने हाथ-पैर





**रायपुर।** जब आपको कोई नकारात्मक व्यक्ति मिले तो हमेशा पैर और हाथ को क्रॉस करके रखें, जिससे उसकी निगेटिव एनर्जी आपमें न आ सके। यह कहना प्रसिद्ध एस्ट्रोलॉजर जय मदान का है। उन्होंने अपने संबोधन में जीवन प्रशिक्षण संबंधित विभिन्न जानकारी साझा की। वे ऊर्जा लेडीज सोसाइटी द्वारा गुरुवार को निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां जय मदान ने कहा, मां लक्ष्मी के आठ रूप होते हैं। प्रत्येक स्वरुप की अपनी अलग विशेषता एवं महत्व है। इसमें आदिलक्ष्मी, धनलक्ष्मी, धान्यलक्ष्मी, गजलक्ष्मी, सन्तानलक्ष्मी, वीरलक्ष्मी, भाग्य लक्ष्मी, विजयलक्ष्मी, विद्यालक्ष्मी शामिल हैं। जय ने अपने संबोधन में माता लक्ष्मी के आठ स्वरुपों की व्याख्या करते हुए, प्रत्येक स्वरुप के विषय में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा, जब कोई व्यक्ति झूठ बोलता है, तो उसका दिमाग यह सुनते रहता है। जो आप कहते हैं, दिमाग भी वैसा काम करना शुरु करता है। लगातार झूठ बोलने से आपके जीवन में भी बदलाव देखने के मिलता है। इस अवसर पर सौ से अधिक लोगों की मौजूदगी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी की प्रेसिडेंट सुरुचि सिंघानिया, वाइस प्रेसिडेंट पल्लवी गोयल, अकांक्षा गोयल, हर्षिता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### ब्रेन की फ्रीक्वेंसी को जानें

प्रत्येक व्यक्ति के माइंड में तीन तरह की बाते चलती रहती हैं। इसमें पहला कॉन्सेस माइंड, दूसरा क्रिटिकल माइंड और तीसरा सब-कॉन्सेस माइंड होता है। ब्रेन की फ्रीक्वेंसी को चेंज करने के लिए आंखें बंदकर धीरे-धीरे सांस लेकर छोड़ना होगा। कार्यशाला के दौरान प्रत्येक व्यक्ति ने यह क्रिया की। उन्होंने कहा, शांति से कैसे चीजें पाई जा सकती हैं, इसे हम जान सकते हैं। इसके लिए आपको आंखें बंदकर ध्यान करने की आवश्यकता है। साथ ही अपने मन में उस विषय को सोचने की जरुरत है। प्रशिक्षण के दौरान 15 मिनट निरंतर इस क्रिया को किया गया, जिसमें क्रमबद्ध रुप से जानकारी दी गई।

### हर काम में ईश्वर को बनाएं पार्टनर

प्रार्थना करने के तरीके पर बात करते हुए उन्होंने कहा, जब हम मंदिर भगवान के दर्शन करने पहुंचते हैं, तो हमेशा आंखे बंद करते हैं। यह नहीं करना चाहिए। भगवान के दर्शन के दौरान आंखे बंद नहीं करनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति 80 प्रतिशत एनर्जी देखने में लगाता है। वह देखकर ग्रहण करता है। अपने काम में हमेशा ईश्वर को पार्टनर बनाएं। जब आप लोगों की मदद करते हैं तो आपके पास लक्ष्मी आती है। लाल रंग काफी आकर्षित और शुभ होता है।



# नर्स की भूमिका मां के समान

**रायपुर।** विश्व में किसी भी तरह की आपदा आए, चाहे वह युद्ध हो या फिर कोरोना जैसी महामारी, नर्सों का काम सबसे महत्वपूर्ण होता है। ये बातें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कही। वे डॉ.भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के टेलीमेडिसीन हॉल में नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भले ही दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक उपलब्ध न हों लेकिन अस्पताल में नर्स को देखकर ही मरीज और परिजन के मन में विश्वास उत्पन्न हो जाता है। जैसे दवा के साथ दुआ की जरूरत होती है, वैसे ही डाक्टरों के साथ मिलकर मरीजों के साथ नर्सों का व्यवहार, कार्य, सहयोग दवा की तरह काम करता है।



### मिलेगी अध्ययन अवकाश की सुविधा

उन्होंने कहा कि राज्य में पहले नर्सिंग कालेज की शुरूआत वर्ष 2003 में हुई थी और अब तक शासकीय और निजी मिलाकर लगभग 140 नर्सिंग कालेज खुल चुके हैं, जिसमें लगभग साढ़े सात हजार से ज्यादा छात्राएं नर्सिंग की पढ़ाई कर रही हैं। पिछली हड़ताल की अवधि का पूरा वेतन दिया जा रहा है और साथ में नर्सों को अध्ययन अवकाश की सुविधा भी दी जा रही है। नर्स एसोसिएशन द्वारा इस मौके पर अध्ययन संबंधित आवेदन तिथि बढ़ाए जाने की मांग रखी, जिसे तुरंत ही स्वीकार कर लिया गया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. तृप्ति नागरिया, आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम, नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रीना राजपूत समेत नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन की अन्य पदाधिकारी एवं चिकित्सालय में कार्यरत नर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

कार्नर न्यूज

### कपल कंपीटिशन में मां संग बच्चे हुए शामिल, एक जैसे परिधान में नजर आए सभी

# फिल्मी गानों पर सास-बहू की जोड़ी ने मचाई धूम

**रायपुर।** फाउंडेशन डे पर जेसीआई वामा केपिटल ने वृंदावन हॉल में हमजोली थीम पर प्रतियोगिताएं रखीं। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी अपनी अनोखी जोड़ी के साथ स्पर्धा में शामिल हुए। कपल कंपीटिशन में 30 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जहां मां-बेटा, मां-बेटी, सास-बहू की जोड़ी देखने को मिली। दो चरणों में स्पर्धा का आयोजन किया गया। पहले चरण में वॉक-इंट्रो तथा दूसरे चरण में टैलेंट शो रखा गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रूपा सिंह, चंचल राठी , दिव्या जैन, शेनिला इन सबने अपने बच्चों के साथ परफॉर्म किया।












### नृत्य व संगीत की प्रस्तुति


स्पर्धा में मां-बेटी की अनोखी जोड़ी ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी। सभी एक जैसे परिधान में शामिल हुईं। इस दौरान सास-बहू की जोड़ी आकर्षण का केंद्र बनी। वहीं दूसरी ओर मां-बेटी की जोड़ी राजस्थानी परिधान के साथ नृत्य करती नजर आईं। प्रतियोगिता के दौरान सभी ने नए और पुराने सुपरहिट फिल्मी गानों के साथ प्रस्तुति दी। दो घंटे तक आयोजित कार्यक्रम में नए सदस्यों को भी जेसीआई में शामिल किया गया।

### निशा-इंदु बनी कोहिनूर हमजोली

वामा की संपादिका दीया मूलचंदानी ने बताया, कोहिनूर हमजोली का खिताब निशा जैन और इन्दु जायसवाल ने अपने नाम किया। डायमंड हमजोली का खिताब चंचल राठी और याशिका राठी को मिला। गोल्डन हमजोली का खिताब रूपा सिंग और उनके बच्चे विवान और विहान ने अपने नाम किया। इनोवेटिव हमजोली सुमन दीवान और डॉ.चंद्रा रहे। नॉटी हमजोली राधा सिंघानिया और कनक खोखर रहे। बेस्ट केमेस्ट्री का खिताब निकिता और उनकी बेटी आराध्या ने अपने नाम किया। बेस्ट ड्रेसअप शेनिला और उनके बच्चे बेस्ट स्माइल साक्षी माधवानी और दीक्षा माधवा, परफेक्ट हमजोली हेमल और उनकी सास विजया शाह रहीं। मेड फॉर इच-अदर का खिताब दिव्या व उनकी बेटी हनी जैन ने जीता। श्रद्धा अग्रवाल और मंजरी जैन निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ का अंडर-23 मेंस सलेक्शन ट्रायल 9 जुलाई से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा मेंस अंडर-23 सलेक्शन ट्रायल 9 जुलाई से 12 जुलाई तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्डेडियम में आयोजित किया गया है। ट्रायल हेतु 23 वर्ष से कम के पुरुष वर्ग खिलाडी जिनका जन्म 01-09-2001 से 31-08-2005 के मध्य हुआ हो, योग्य होगें। साथ ही छत्तीसगढ में जन्म अथवा 10 वर्षों तक छत्तीसगढ में निवास आवश्यक है। ट्रायल हेतु खिलाडियों को संबंधित जिला क्रिकेट संघ में पंजीयन कराना आवश्यक है, साथ ही ट्रायल का पंजीयन सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ 08 जुलाई तक कराना होगा। ट्रायल हेतु खिलाडियों को सफेद परिधान में आना तथा स्वयं का किट लाना आवश्यक है। पंजीयन की अंतिम तिथि 08 जुलाई है। जिलेवार ट्रायल में 9 जुलाई को दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर और महासमुंद, 10 जुलाई को नारायणपुर, धमतरी, भिलाई स्टील प्लांट, दुर्ग और रायगढ़, 11 जुलाई को भिलाई क्रिकेट एसोसिसएशन, राजनांदगांव, कवर्धा और जांजगीर चांपा तथा 12 जुलाई को बिलासपुर, कोरिया, सरगुजा और जशपुर के लिए ट्रायल होगा। अधिक जानकारी हेतु खिलाडी अपनी संबंधित जिला क्रिकेट संघ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### 20वीं जूनियर, सीनियर एवं 7 वीं कैडेट ताईक्वांडो प्रतियोगिता आज से



**रायगढ़।** खेल में तब तक कोई विजेता नहीं होता, जब तक कि प्रतिस्पर्धी हार न मान ले। फिर बात ताइक्वांडो जैसे दम-खम और जोश से भरपूर खेल की हो, तो मैदान की गर्मी का अंदाजा लगाया जा सकता है। कुछ ऐसा ही नजारा रायगढ़ में दिखेगा, जहां 20 वी राज्य स्तरीय जूनियर एवं 6वीं कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता 5 से 7 जुलाई तक रायगढ़ क्लब में होगी। 3 दिवसीय स्पर्धा में सफल होकर अगले लेवल यानि नेशनल में छत्तीसगढ़ स्टेट का प्रतिनिधित्व करने का मौका हासिल करने रायगढ़ की रिंग में अपनी किक का लोहा मनवाने एक-एक कर चार सौ खिलाड़ियों में भिड़ंत होगी, जिसके लिए प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी यहां पहुंच चुके हैं। प्रतियोगिता में चयनित होने वाले खिलाड़ी ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता कैडेट,विशाखापटनम,जूनियर औरंगाबाद महाराष्ट्र और सीनियर भोपाल में आयोजित की जा रही है जिसमैं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्त्व करेंगे। ज़िला ताईक्वाडो संघ रायगढ़ के अध्यक्ष अशोक बट्टीमार एवं सचिव आरती सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 15 जिले के कुल चार सौ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इन खिलाड़ियों में जूनियर वर्ग में 20, सीनियर वर्ग 16 एवं कैडेट वर्ग में 24 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे और आगामी 2 अगस्त से 4 अगस्त तक विशाखापट्टनम आंध्र प्रदेश में होने वाले कैडेट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही अगस्त में ही जूनियर वर्ग की ओरांगाबाद महाराष्ट्र मे आयोजित होने वाली के 20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के लिए खिलाड़ी खेलेंगे। सीनियर वर्ग कीसितंबर महीने भोपाल में आयोजित होगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में रायगढ़ के खेल प्रेमी और सार्वजनिक उपक्रम के साथ साथ रायगढ़ पुलिस के अलावा संरक्षक एडिश्नल एसपी सुरेशा चौबे, जिला अध्यक्ष अशोक बट्टीमार,सचिव आरती सिंह,सुरेश गोयल,नेशनल कोच ऋषि सिंह,उपाध्यक्ष विजय दुबे कोषाध्यक्ष अलका सिंह, मिडिया प्रभारी प्रकाश निगनिय, नताशा भतपहरे,सहायक कोच ऋषिता सिंह राजपूत और रामा चतुर्वेदी आदि सहयोग कर रहे है।

### उत्कृष्ट क्रिकेटर को सम्मानित करेगा छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ का वार्षिक पुरस्कार समारोह आज आयोजित है। जिसमें संघ द्वारा आयोजित राज्य एवं जिला स्तर कि आयोजनों में वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमे सभी आयु वर्गों तथा फॉर्मेट हेतु विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिये जायेंगें। यह आयोजन समय संध्या 5 बजे से, स्थान मायरा रिसार्ट एवं कन्वेंशन सेन्टर उमरीया रायपुर में आयोजित है।



● मधुमेह रोगियों को विशेष ध्यान देना चाहिए अपने खान-पान पर

# मधुमेह में खतरा हो सकते हैं कई फल और सब्जियां, जानें इस मौसम में क्या-क्या खाएं

इस मौसम में ढेर सारे फल-सब्जियां आती हैं, मगर डायबिटीज रोगियों को कई फल-सब्जी नुकसान भी करते हैं। ऐसे में उन्हें किन खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए? मधुमेह यानी डायबिटीज जीवन-शैली से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है, जो खान-पान से सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। आप भले ही दवाएं ले रही हों या इंसुलिन, लेकिन आपकी डाइट में क्या शामिल है, आप क्या खाती हैं और क्या नहीं, यह बेहद मायने रखता है। अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन (एडीए) के अनुसार, इस मौसम में जिन फलों, सब्जियों और पेय में फाइबर के साथ विटामिन की भरपूर मात्रा होती है और केमिकल कम होता है, उन का सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी होता है।





## कौन-कौन से फल

डायबिटीज के मरीजों को कुछ चुनिंदा फल खाने की ही अनुमति होती है, जिनमें से वे तरबूज, बेरीज, कीवी और अमरूद खा सकते हैं, क्योंकि इनका जीआई टैग कम होता है और ये ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण करते हैं। इन फलों में कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व, जैसे कि एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ए, आयरन, कैल्शियम और पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो आपको ऊर्जा के साथ-साथ ठंडक भी देती है। गर्मियों में इन फलों के साथ कई तरह की बेरीज बाजार में मिलती है, जैसे कि स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और शहतूत। बेरीज में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड शुगर को बढ़ने नहीं देती। अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार, डायबिटीज के मरीजों को फलों और सब्जियों के जूस के मुकाबले उनका साबुत रूप में सेवन करना चाहिए।

## सब्जियों में क्या

डायबिटीज के रोगियों के लिए विभिन्न प्रकार की सब्जियों का सेवन करना महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस मौसम में आपको अपने आहार में मुख्य रूप से खीरा, करेला, आंवला, धनिया, लौकी, अदरक और हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करना चाहिए। ये सब्जियां आपके शरीर को हाइड्रेट रखती हैं, विटामिन ए, विटामिन बी एवं फाइबर मुहैया कराती हैं और कैलोरी को कम करती हैं, जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। इन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं और पाचन में सुधार लाते हैं, साथ ही हरी पत्तेदार सब्जियां विटामिन, मिनरल और फाइबर से भरपूर होती हैं, जिनमें कैलोरी कम होती है। इसलिए ये डायबिटीज के रोगियों के लिए उत्तम हैं।


## पेय पदार्थ भी जान लें

गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने के लिए हम तरह-तरह के पेय पीते हैं, लेकिन डायबिटीज रोगियों को इन पेय का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए। डायबिटीज के मरीजों के लिए नमकीन लस्सी, बेल का शरबत, सत्तू का पानी, अदरक एवं नींबू पानी और खीरे एवं पुदीने का शरबत पीना सबसे उत्तम रहता है, क्योंकि इनमें नेचुरल फाइबर, आयरन, एंटीऑक्सीडेंट, कार्बोहाइड्रेट और फॉलेट यानी फोलिक एसिड होती है। ये सभी ड्रिंक शुगर लेस होती हैं, जो आपको कूल रखती है और आप इनको बगैर किसी चिंता के पी सकती हैं। इनको आप ठंडे पानी, बर्फ के टुकड़े और जीरा पाउडर डालकर या अपनी पसंद के तरीके से बनाकर भी पी सकती हैं। ये पेय पदार्थ आपको हाइड्रेट रखते हैं और जरूरी पोषक तत्व भी मुहैया कराते हैं, जो कि ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

## सबसे जरूरी केमिकल कंट्रोल

आहार एवं पोषण विशेषज्ञ डॉ. शिखा नेहरू शर्मा कहती हैं, डायबिटीज से पीड़ित मरीज मीठे पर तो नियंत्रण कर लेते हैं, लेकिन उनके आहार में केमिकल कंट्रोल होना सबसे जरूरी है। बाजार में गर्मियों के दिनों में जीरो कैलोरी के नाम से ढेर सारे रिफ्रेशिंग ड्रिंक्स मिलते हैं, लेकिन उनमें केमिकल की मात्रा भरपूर होती है। इनका सेवन आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसके अलावा आप जिन भी ड्रिंक्स या फलों का सेवन करती हैं, उनमें आर्टिफिशियल शुगर की मात्रा न हो, इस पर ध्यान देना जरूरी है। फलों के रस के मुकाबले डायबिटीज के मरीजों के लिए सब्जियों का रस, छाछ और जौ का पानी शुगर कंट्रोल में कारगर रहता है।





# बारिश में भीगने के बाद तुरंत करें ये काम, नहीं पड़ेंगे बीमार

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मानसून ने दस्तक दे दी है। अगर आपका बाहर आना जाना लगा रहता है तो आप बारिश के पानी में भीग भी सकते हैं। कुछ लोग तो जानबूझकर बारिश का आनंद लेना चाहते हैं। झमाझम बारिश की बूंद जब पड़ती है तो बड़ा मजा आता है, गर्मी से राहत मिल जाती है । हालांकि अक्सर बारिश में भीगने के बाद लोग बीमार पड़ जाते हैं। अगर आप बीमार पड़ने से बचना चाहते हैं तो हम आपको कुछ उपाय बता रहे हैं जिससे आप सुरक्षित रह सकते हैं। आइए जानते हैं इस बारे में।

## बारिश में भीगने के बाद तुरंत करें ये काम



अक्सर बारिश में भीगने के कारण बाल पूरी तरह से गिले हो जाते हैं ऐसे में सबसे पहला काम आप बाल को अच्छी तरह से सुखाने का करें, बेहतर होगा की आप ड्रायर का इस्तेमाल करें,क्योंकि सिर्फ टॉवेल से सुखाने से बालों में नमी रह जाए और आपको सर्दी जुकाम या बुखार हो जाए,कुछ लोगों को सिर में दर्द भी हो जाता है।

बारिश में भीग गए हैं तो घर आकर हॉट शॉवर जरूर लें,इससे शरीर के तापमान को बैलेंस करने में मदद मिलेगी इसके साथ ही कहते हैं की बारिश के पानी बैक्टीरिया वगैरह होते हैं ऐसे में अगर ये बैक्टीरिया आपकी त्वचा पर हेंगे तो आपको स्किन से जुड़ी समस्या हो सकती है।

बारिश में भीगने के बाद जितना जल्दी हो कपड़ा चेंज कर लें, इससे आपको ठंड नहीं लगेगी,वहीं गीला कपड़ा पहनने से फंगल संक्रमण का खतरा भी रहता है,तुरंत कपड़े बदलने पर फंगल इंफेक्शन नहीं फैल पाएंगे।

बारिश से भीगने के बाद आपको गर्म चाय या काढ़ा का सेवन जरूर करना चाहिए,इससे आपको एनर्जी मिलती है,शरीर का तापमान बैलेंस होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और आप जुकाम,सर्दी फ्लू जैसी समस्याओं से बचे रह सकते हैं। अगर आपके पास एंटी बैक्टीरियल क्रीम है तो आप उसे शरीर पर लगा सकते हैं,इससे भी इंफेक्शन से बचाव होगा।



# कैसरोल में रखते ही रोटी हो जाती है गीली तो करें ये काम



एक वक्त था जब रोटी बनाकर डलिया में रखी जाती थीं। अब तो कई ऐसी चीजें आ गई हैं, जिसमें रोटी को आसानी से स्टोर किया जा सकता है। मगर आजकल ज्यादातर लोग रोटियां बनाकर कैसरोल सेट में रखते हैं। इसमें रोटियां न सिर्फ ज्यादा देर तक गर्म रहती हैं, बल्कि ताजगी का एहसास भी बना रहता है। लेकिन कई बार रोटी रखने में दिक्कत आती है और यह बहुत ही जल्दी गीली हो जाती है। इस रोटी को खाने से हर कोई मना करता है। यह परेशानी किसी एक व्यक्ति की नहीं है, बल्कि हर भारतीय, हर घर की यही समस्या है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो हमारे बताए गए टिप्स मददगार साबित हो सकते हैं।

## पकाने का तरीके पर दें ध्यान

अगर आप चाहते हैं कि रोटी गीली न हो, तो यह टिप मददगार साबित हो सकती है। चपाती को पूरी तरह से पकाने की कोशिश करें। रोटी को थोड़ा फूला हुआरखें और हल्के भूरे होने तक पकाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि आधी पकी हुई चपाती जल्दी गीली हो सकती है। चपाती को मध्यम आंच पर पकाएं। ज्यादा तेज आंच पर रोटी बाहर से जल सकती है और अंदर से कच्ची रह सकती है। इसलिए रोटी को ठीक तरह से पकाएं और जब पक जाए तो तुरंत कपड़े से कवर न करें।

## अखबार का करें इस्तेमाल

रोटी के खाली पॉट में रोटी न रखें। अगर आप ऐसा करते हैं, तो आपकी रोटी गीली हो सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि पहले पॉट को अच्छी तरह से साफ करें। फिर इसे अखबार से कवर कर दें। अखबार से कवर करने के बाद रोटी को रखें। गर्म रोटी रखने बाद पॉट का कवर न करें।

## कपड़े में रखें रोटी

कई लोग ऐसे होते हैं, जो रोटी सीधा पॉट में रखते है। मगर अब आप ऐसा न करें, क्योंकि हम आपको कपड़ा इस्तेमाल करने की सलाह देंगे। कपड़े से नमी नहीं बनेगी और आपको काफी हद तक फायदा होगा। इससे रोटी गर्म भी रहेगी और गीली भी नहीं होगी। लेकिन हां, कपड़ा कॉटन का हो, सूती कपड़े में तो गीलापन काफी देर में सूखता है। बेहतर होगा कि आप कॉटन के कपड़े का इस्तेमाल करें।

# घर में वास्तु के अनुसार लगाएं ये पौधा, कभी नहीं होगी धन की कमी



घर में यदि आप वास्तु के अनुसार कुछ पौधे लगाते हैं तो सदैव खुशहाली बनी रहती है। यदि आप पौधों को लगाते समय सही दिशा और स्थान का ध्यान रखते हैं तो ये धन लाभ का कारण बनते हैं। इन्हीं पौधों में से एक है कॉइन प्लांट। ऐसा माना जाता है कि जिस तरह से वास्तु के अनुसार घर में मनी प्लांट लगाना शुभ माना होता है।

## क्या होता है कॉइन प्लांट

इस प्लांट की पत्तियां सिक्के के आकार की होती हैं, इसी वजह से इसे कॉइन प्लांट कहा जाता है। या आमतौर पर यह पौधा दो प्रकार का होता है। इनमें से एक प्रकार असली और दूसरा नकली होता है। आप इनमें से असली कॉइन प्लांट घर में रख सकती हैं जिससे आपके घर या ऑफिस में समृद्धि बनी रहती है। वास्तु की मानें तो इस खूबसूरत पौधे को घर और ऑफिस दोनों जगह सही दिशा में रखना चाहिए। इसके लिए सही दिशा उत्तर-पूर्व दिशा को माना जाता है।

## घर में किस स्थान पर लगाएं कॉइन प्लांट

घर में कॉइन प्लांट रखने की सबसे अच्छी दिशा ईशान कोण या उत्तर पूर्व मानी जाती है। इसे आप घर के प्रवेश द्वार के ठीक भीतर रख सकते हैं जिससे आपके घर के भीतर धन का। फेंगशुई के अनुसार भाग्य और समृद्धि को आकर्षित करने के लिए कॉइन प्लांट को लिविंग रूम के दक्षिण-पूर्व कोने में रखा जाना चाहिए। चूँकि इस दिशा पर शुक्र ग्रह और भगवान गणेश का शासन है, इसलिए ये दोनों धन और भाग्य का प्रतीक माने जाते हैं। यदि आपका घर उत्तर मुखी है, तो कॉइन प्लांट को आप घर के प्रवेश द्वार पर रख सकते हैं। कॉइन प्लांट को आप किचन की खिड़की या बालकनी में भी रख सकती हैं। हालांकि आपको ये पौधा गैस स्टोव के ठीक पास न रखने की सलाह दी जाती है। घर के कोने हमेशा से चिंता और नकारात्मकता का स्रोत होते हैं। इसलिए यदि आप किसी भी नकारात्मक ऊर्जा को दूर करना चाहती हैं तो घर के कोने में इस पौधे को लगा सकते हैं। जिससे घर के लोगों के बीच तनाव कम होता है।

## कॉइन प्लांट लगाने के फायदे

यदि हम वास्तु के अनुसार घर में कॉइन प्लांट लगाते हैं तो इसके बहुत से लाभ होते हैं। मुख्य रूप से यह पौधा धन को आकर्षित करता है। एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी जी बताते हैं कि घर के लिए कॉइन प्लांट को बहुत शुभ माना जाता है।
घर में कॉइन प्लांट रखने से पैसा खिंचा चला आता है। चूंकि इसका आकार सिक्के जैसा होता है, इसलिए ये पैसों का प्रतिनिधित्व करता है। इसे हमेशा सही दिशा में लगाने की सलाह दी जाती है।

# रिश्ते को बचाने के लिए झूठ बोलें या कड़वा सच

*किसी भी रिश्ते में आप यही चाहती हैं कि दूसरा खुश रहे और उसकी भावनाएं आहत न हों, फिर चाहे झूठ ही क्यों न बोलना पड़े। लेकिन क्या यह सही है? सच्चाई हर रिश्ते का महत्वपूर्ण आधार होती है और हर कोई चाहता है कि उनका पार्टनर उससे सच्चा रहे। लेकिन अध्ययन बताते हैं कि बहुत से लोग रिश्तों को ठीक रखने के लिए कभी-कभी झूठ बोलते हैं।*

*ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन के अनुसार, लोग अक्सर इसलिए झूठ बोलते हैं, क्योंकि वे चाहते हैं कि उनके साथी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। यह झूठ बोलने के पीछे एक प्रकार की सुरक्षा और संरक्षण की भावना होती है, जिसका मकसद होता है रिश्तों को मजबूत और खुशहाल बनाना। मनोवैज्ञानिक रॉबिन डनबर ने भी बताया है कि झूठ बोलने से भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती, जिससे रिश्तों को स्थिर और मधुर बनाए रखने में मदद मिलती है।*

## क्या होते हैं कारण

सफल और स्वस्थ रिश्ते के लिए सही संवाद महत्वपूर्ण है। जब लोग अपनी भावनाओं, खुशियों और चुनौतियों को साझा नहीं करते तो संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है। परिणामतः लोग समस्याओं को हल करने के लिए सही समय पर काम नहीं करते, जो रिश्ते को जटिल बना सकता है। एक सफल रिश्ते में विश्वास होना बेहद महत्वपूर्ण है। जब किसी के मन में साथी पर संदेह होता है तो रिश्ते कमजोर होने लगते हैं। इससे व्यक्ति का आत्मविश्वास कम हो सकता है और वह साथी से चीजें छुपाने लगता है।कई बार लोग सोचते हैं कि साथी को हमेशा खुश रखें, इसके लिए वे झूठ बोलते हैं, ताकि साथी की भावनाएं आहत न हों, लेकिन इससे सच्चाई और झूठ के बीच संतुलन बिगड़ सकता है। रिश्ते में संवाद कौशल के महत्व को भी नहीं छोड़ा जा सकता। यदि किसी के पास सही संवाद कौशल नहीं है तो वह भावनाओं और खुशियों को साझा करने का सही तरीका नहीं जानेगा, जो संघर्ष का कारण भी बन सकता है।



झूठ बोलने का कोई भी कारण, फिर चाहे वह साथी की खुशी के लिए ही क्यों न हो, रिश्ते पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। मसलन, झूठ बोलने से रिश्तों में विश्वास की कमी हो सकती है। जब साथी को पता चलता है कि आप उससे झूठ बोल रही हैं तो उसमें आपके प्रति अविश्वास की भावना बढ़ती है। जब आपसी विवादों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है, तब साथी झूठ का सहारा लेते हैं, क्योंकि वे सोचते हैं कि इससे कई अन्य विवादों को रोका जा सकता है। लेकिन झूठ बोलने से विश्वास को पुनः प्राप्त करना कठिन हो सकता है। झूठ के बाद रिश्तों में अधिक तनाव और जलन हो सकती है, जो संघर्ष को बढ़ा सकती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756



ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड •GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट •MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE •फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'फ्रेंड्स' स्टार मैथ्यू पेरी की मौत मामले ने लिया नया मोड़

'फ्रेंड्स' स्टार मैथ्यू पेरी ने पिछले साल अक्तूबर के महीने में महज 54 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके असामयिक निधन ने उनके



परिजनों समेत प्रशंसकों को तगड़ा झटका दिया। मैथ्यू पेरी की मौत का कारण केटामाइन का अत्यधिक इस्तेमाल बताया गया। हालांकि, अब यह मामला नया मोड़ लेता नजर आया है। कथित तौर पर कानून प्रवर्तन मानता है कि उनके असामयिक निधन के लिए कई लोग जिम्मेदार हैं। साथ ही उन पर जल्द ही आरोप भी लग सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, मैथ्यू पेरी की मौत के आठ महीने बाद कानून प्रवर्तन मानता है कि इस मामले में कई लोग जिम्मेदार हैं और उन पर जल्द ही आरोप तय होंगे। साथ ही दावा किया गया है कि जांच अपने निष्कर्ष के करीब है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अमेरिकी अटॉर्नी का कार्यालय इस बारे में निर्णय करेगा कि आरोप लगाए जाएं या नहीं। वहीं, जब अटॉर्नी के कार्यालय से इस पर जवाब मांगा गया तो उन्होंने किसी भी तरह की टिप्पणी करने से मना कर दिया।

जानकारी हो कि 'फ्रेंड्स' में चैंडलर बिंग की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मैथ्यू पेरी 28 अक्तूबर, 2023 को इस दुनिया को अलविदा कह गए। शव परीक्षण के मुताबिक, केटामाइन के ओवरडोज के चलते मैथ्यू पेरी की जान गई। इसी केटामाइन के चलते वह हॉट टब में डूब गए और उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया, मैथ्यू पेरी के शरीर को केटामाइन की अधिक मात्रा ने अत्यधिक उत्तेजित कर दिया होगा। इससे उन्हें सांस लेने में समस्या होने लगी होगी। आशंका है कि हॉट टब में फिसलने से पहले वह बेहोश हो गए होंगे। मैथ्यू पेरी के मामले में दवा के सेवन की सटीक विधि पता नहीं चली थी। उनके पेट में दवा की थोड़ी मात्रा दिखाई दी थी। साथ ही उनके शरीर पर सुई का कोई निशान भी नहीं मिला था। यू.एस. ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, इसे डिसोसिएटिव एनेस्थेटिक हेलुसीनोजेन कहा जाता है। केटामाइन को इंजेक्ट किया जा सकता है, तरल पदार्थ के साथ मिलाया जा सकता है। साथ ही पाउडर के रूप में सूंघा जा सकता है या इसका धूम्रपान किया जा सकता है।

## टॉलीवुड

### तो नवंबर में नहीं होगी नानी की 'हिट 3' की शूटिंग!

नैचुरल स्टार नानी का करियर सातवें आसमान पर है। वो लगातार हिट फिल्में दे रहे हैं। ऐसे में उनके प्रशंसक उनकी हर नई फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इन दिनों



नानी 'सारिपोधा सानिवारम' की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। इसके अलावा एक और फिल्म है, जिसकी वजह से नानी चर्चा में हैं और उस फिल्म का नाम है- 'हिट 3'।

'हिट 3' का निर्देशन सैलेश कोलानू करेंगे। इस फिल्म को लेकर तरह-तरह की खबरें चल रही हैं। जैसे- एक खबर यह चल रही थी कि फिल्म की शूटिंग 2024 के नवंबर महीने में शुरु हो जाएगी। अब तेलुगु 123 की एक रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि यह खबर झूठी है और असल बात तो कुछ और ही है, जिसे सुनकर आप चौंक भी सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्देशक सैलेश ने तो अभी नानी को फाइनल स्क्रिप्ट ही नहीं सुनाई है। 'हिट 3' की कहानी को सुनने के बाद ही नानी यह तय करेंगे कि फिल्म की शूटिंग कब शुरू करनी है।

'सारिपोधा सानिवारम' की बात करें तो यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म के जरिए निर्देशक विवेक अथरेया और अभिनेता नानी एक बार फिर साथ में काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 'अंते सुंदरानिकी' में साथ काम किया था। कुछ दिन पहले ही इसका पहला गाना 'गरम गरम' रिलीज किया गया था। इस गाने को विशाल ददलानी ने गाया है। गाने का संगीत जेक्स बिजॉय द्वारा तैयार किया गया है। वहीं, सनपति भारद्वाज ने गाने को लिखा है। 'सारिपोधा सानिवारम' में नानी के साथ-साथ प्रियंका मोहन भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं और इनके अलावा साई कुमार और एसजे सूर्या भी परदे पर अहम रोल निभाते हुए दिखाई देंगे।

## छॉलीवुड

### प्रकाश अवस्थी की 'मोर बाई हाई फाई' आएगी 26 को

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के सितारे प्रकाश अवस्थी की 'मोर बाई हाई फाई' और 'तीजा के लुगरा-2 फ़िल्में' आने वाली है। 'डेढ़ होशियार' भी प्रदर्शन की तैयारी में है।



इसके साथ ही एन. माही की फ़िल्म 'गुईयां-2' में भी प्रकाश नजर आने जा रहे हैं। प्रकाश अवस्थी बताते हैं कि 'मोर बाई हाई फाई' के प्रदर्शन की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। प्रदर्शन की तारीख़ 26 जुलाई फाइनल हो चुकी है। इस फ़िल्म में नायिका सृष्टि देवांगन हैं। डायरेक्टर नितेश लहरी हैं। उन्होंने बताया कि 'मोर बाई हाई फाई' एवं 'तीजा के लुगरा-2' के रिलीज़ होने के बाद 'गुईयां-2' में व्यस्तता हो जाएगी। वैसे तो 'गुईयां-2' में अमलेश नागेश एवं दिलेश साहू के नाम पहले से फाइनल हैं, लेकिन इसमें प्रकाश अलग हटकर चुनौतीपूर्ण किरदार करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 'टूरा रिक्शा वाला-2' की भी तैयारी चल रही है। यह फ़िल्म 2025 में शूट में जाएगी।"




मशहूर डिज़ाइनर रियान फर्नांडीज ने हाल के एक फैशन शो में अपने मॉडल के जरिए अप टू डेट कट्स और पैटर्न पेश किए। उन्होंने इस अरब फैशन वीक में 40 शानदार मास्टरपीस तैयार किए। उन्होंने प्रतियोगिता के लिए मिस यूएसए-2022 रही आर'बॉनी गेब्रियल के साथ कई अनूठे कलेक्शन तैयार किया। डिजाइनर रियान फर्नांडीज के अनुसार उनका संग्रह संस्कृति और फैशन की असाधारण अवधारणा का प्रदर्शन है।

# कटी-फटी एड़ियों की देखभाल करने काम आएगा घरेलू नुस्खा, आपके खुदरे पैर हो जाएंगे सॉफ्ट

पैरों की देखभाल आपको रोजाना करनी चाहिए। इसके लिए आप हफ्ते में 1 से 2 बार पेडीक्योर करें और फुट मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। खूबसूरत पैर पाने के लिए आपको रोजाना फुट केयर रूटीन को फॉलो करना जरूरी होता है। हम सभी चाहते हैं कि हमारे पैर खूबसूरत नजर आए और इसके लिए हम आए दिन नए से नए स्किन केयर प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करते हैं। सही देखभाल न मिलने के कारण पर पैर ड्राई होकर कटने-फटने लगते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं ऐसा घरेलू उपाय जिसकी मदद से आप आसानी से कटे-फटे पैरों की सही तरीके से देखभाल कर सकती हैं।



## एलोवेरा जेल को त्वचा पर लगाने से क्या होता है?

एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है, जो कि स्किन को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है।यह त्वचा के लिए डॉक्टर की तरह काम करता है और स्किन से जुड़े हर इन्फेक्शन को रोकने में मदद करता है।

## नारियल के तेल को त्वचा पर लगाने के फायदे क्या हैं?

स्किन को हाइड्रेटेड रखने के काम में आता है। त्वचा पर होने वाले हर तरह के इन्फेक्शन को रोकने में मददगार है। त्वचा को पोषण देने में मदद करता है।

## कटी-फटी एड़ियों की देखभाल करने का उपाय

फटी एड़ियों की देखभाल सबसे पहले एक बाउल में एलोवेरा जेल को निकालकर डालें। इसमें आप 1 से 2 चम्मच नारियल के तेल को निकालकर डालें। इन दोनों को आपस में मिक्स करके पैरों की एड़ियों पर लगा लें। हल्के हाथों के दबाव से मसाज भी पैरों पर कर सकती हैं। आप चाहे तो पैरों को साफ भी कर सकती हैं। रात को सोने से पहले आप रोजाना इस नुस्खे को आजमा सकती हैं। कुछ ही दिनों में आपको एड़ियों में फर्क नजर आने लगेगा।

# खास मौके पर लगना हैं सबसे अलग तो ट्राई करें ये फ्रॉक सूट




शादी-पार्टी में ज्यादातर महिलाएं लहंगा या साड़ी पहनना पसंद करती हैं लेकिन अगर आप कुछ न्यू ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप फ्रॉक सूट वियर कर सकती हैं। फ्रॉक सूट जहां शादी-पार्टी जैसे खास मौके पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह के आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।



## कॉटन फ्रॉक सूट

शादी जैसे खास मौके पर इस तरह का कॉटन फ्रॉक सूट वियर कर सकती है। यह कॉटन फ्रॉक सूट फ्लोरल फ्लोरल प्रिंट और थ्री क्वार्टर स्लीव्स में आता है, वहीं इस तरह के सूट के साथ आप जेबों स्टाइल वाले पलाज़ो वियर कर सकती हैं साथ ही, इस आउटफिट में अपना लुक कंप्लीट करने के लिए अप मिरर वर्क ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। यह आउटफिट आप बाजार से ले सकती हैं या फिर ऑनलाइन भी आपको ये कॉटन फ्रॉक सूट 1000 तक की कीमत में मिल जाएगा।

## सिल्क फ्रॉक सूट


अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप ये सिल्क फ्रॉक सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह के सिल्क फ्रॉक सूट में जहां आपका लुक रॉयल नजर आएगा तो वहीं आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। वहीं इस आउटफिट के साथ फुटवियर में आप हील्स या जूती वियर कर सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप पर्ल वर्क इयरिंग्स वियर कर सकती हैं। यह आउटफिट आप ऑनलाइन खरीद सकती हैं साथ ही ऑफलाइन भी आपको ये आउटफिट 2000 तक की कीमत में मिल जाएगा।

## फ्लोरल प्रिंट फ्रॉक सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के फ्लोरल प्रिंट फ्रॉक सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का सूट आपको कई सारे कलर और डिजाइन में मिल जाएगा जिसे आप सस्ते दाम में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप गोल्डन या सिल्वर कलर की ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं। वहीं यह सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों पर मिल जाएगा जहां आप इस सूट को 2000 रुपये से कम कीमत में खरीद सकती हैं।

# अपने लुक को रॉयल बनाने के लिए आउटफिट के साथ पहनें पर्ल चोकर सेट

रॉयल लुक क्रिएट करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर कुछ नया ट्राई करने के बारे में सोचते हैं। कई सारी महिलाएं इसके लिए अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को सर्च करती हैं, ताकि आउटफिट के साथ पहनने के लिए आप अच्छी ज्वेलरी को स्टाइल कर सके। इसके लिए आप पर्ल डिजाइन वाले चोकर सेट स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक बिल्कुल रॉयल लगेगा।



## रेड कलर चोकर सेट करें स्टाइल

आप रॉयल लुक के लिए रेड कलर पोलकी चोकर सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको आगे के पेंडेट में स्टोन के साथ पर्ल का डिजाइन मिलेगा। बाकी का सेट पर्ल लेयर के साथ मिलेंगे। इसके साथ आपको मैचिंग इयररिंग्स मिल जाएंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा रॉयल लगेगा। इस तरह के ज्वेलरी सेट आपको 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे इस चोकर सेट को आप साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं।


## व्हाइट पर्ल चोकर सेट

अगर आपका आउटफिट पेस्टल कलर में है, तो इसके साथ आप व्हाइट कलर के पर्ल चोकर सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क के साथ मिलेगा। इसके साथ आपको सेम डिजाइन के इयररिंग्स भी मिलेंगे। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह के सेट आपको मार्केट में 500 रुपये में मिल जाएंगे।

# गोल्डन कलर के नेल आर्ट डिजाइंस हर रंग के कपड़ों के साथ दिखेंगे परफेक्ट

हम सभी चाहते हैं कि हमारे नाखून खूबसूरत नजर आए। इसके लिए हम आए दिन नेल केयर रूटीन को बाहर से करवाते हैं। इसके लिए हम बाहर से नेल एक्सटेंशन और नेल आर्ट सेशन भी लेते हैं। बदलते ब्यूटी के दौर में आजकल आपको कई तरह की टेक्नोलॉजी के नेल आर्ट देखने को मिल जाएंगे।

गोल्डन कलर लगभग सभी कपड़ों के साथ में बेस्ट लुक देने में मदद करता है। इसके अलावा यह कलर काफी फैंसी लुक देने में मदद करता है। तो आइये देखते हैं गोल्डन कलर के डिजाइन वाले नेल आर्ट। साथ ही, जानेंगे इन्हें करने का आसान तरीका क्या है?



## फ्लोरल नेल आर्ट डिजाइन

फ्लोरल डिजाइन देखने में बेहद फ्रेश लुक देने में मदद करते हैं। फैंसी लुक पाने के लिए आप दो अलग-अलग कलर्स के गोल्डन कलर डार्क और लाइट शेड को चुन सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो नेल पोलिश पेन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## स्टोन नेल आर्ट डिजाइन

ब्राइडल नेल्स के लिए कोई डिजाइन ढूंढ रही हैं तो स्टोन वाले गोल्डन कलर के नेल आर्ट डिजाइन नाखूनों पर बनवा सकती हैं। इसके लिए आप 1 या 2 नाखूनों पर अलग-अलग साइज के स्टोंस को नाखूनों को पर लगा सकती हैं। इस तरह के डिजाइन के लिए नेल्स की लेंथ लंबी रखें।

## गोल्डन शिमर नेल आर्ट डिजाइन


कम समय में जल्दी से जल्दी नेल आर्ट करना चाहती हैं तो इस तरह से मैट नेल पोलिश पर बारीक ग्लिटर चिपका सकती हैं। आप चाहे तो केवल एक नाखून पर ग्लिटर चिपका सकती हैं या केवल चाहे तो हर नेल पर गोल्डन ग्लिटर लगा सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### नौजवान महिला-पुरुषों में पियरसिंग करवाना अब बदलते फैशन की पहचान

# लुक बदलने के लिए बढ़ रहा पियरसिंग का चलन, जानिए जरूरी टिप्स

*जैसे टैटू का ट्रेंड चला है ठीक वैसे ही कान छिदवाने यानी पियरसिंग का भी दौर चला है। वही पियरसिंग, जिसके साथ पर्सनैलिटी में स्वेग भी आ जाता है और स्टाइल भी। वही पियरसिंग, जिसको अपनाकर आप अपमार्केट वाले अंदाज में आ जाते हैं और वही पियरसिंग भी जिसके साथ भीड़ में भी आप अलग से दिखते हैं।बाकी पियरसिंग का जेंडर से कोई लेना-देना तो अब वैसे भी नहीं है। अब पियरसिंग सिर्फ महिलाएं नहीं कराती हैं। पुरुष भी इसको अपनाकर अपना स्टाइल स्टेटमेंट बना रहे हैं। इसके साथ उनका लुक भी लोगों को भा रहा है।*



## पियरसिंग के कुछ स्टाइल

पियरसिंग करने वालों को अक्सर ये नहीं पता होता है कि ये सिर्फ किसी खास जगह छेद कराने की प्रक्रिया नहीं है। बल्कि ये भी कई तरीके से कराई जा सकती है। इनमें स्टड, हूप, इंडस्ट्रियल, रूक,बारबेल, हगी,स्पाइक्स , ओरबिटल,लोब,थ्रेड,स्लेव और हेल्थी शामिल है। इंडिया में आमतौर पर पियरसिंग सिर्फ लड़कियां ही कराती आई हैं। इसलिए ज्यादातर पुरुषों के इससे स्वास्थ्य को हो सकने वाले नुकसान पता ही नहीं हैं। जबकि पियरसिंग को भी हेल्थी रखने की जरूरत होती है। इसका सबसे ज्यादा ध्यान छेद कराने के तुरंत बाद रखना होता है। ऐसा न करने पर संक्रमण होने की संभावना बढ़ती जाती है। इसलिए जरूरी है कि पियरसिंग को साफ रखा जाए। नियमित सफाई के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, जैसे- टीस्पून नॉन आयोडाइज्ड नमक स्टेरलाइज्ड वॉटर में मिलाकर इससे सफाई की जानी चाहिए।साबुन का पानी भी इस्तेमाल हो सकता है लेकिन इसमें सिर्फ एंटीमाइक्रोबियल सोप का इस्तेमाल ही होना चाहिए।नियमित नहाना और पियरसिंग की सफाई करते रहना जरूरी है।पियरसिंग वाले एरिया को किसी दूसरे व्यक्ति के पसीने से दूर रखें।पियरसिंग के संपर्क में आने वाले सामान जैसे सनग्लास, फोन, हेलमेट आदि को हमेशा साफ रखें।पियरसिंग के आसपास कॉस्मेटिक, लोशन और हेयर स्प्रे आदि को बिल्कुल न लगाएं।जब तक पियरसिंग ठीक न हो जाए तब तक स्विमिंग पूल और झील आदि में नहाने से बचें। सीधे सूरज की रोशनी में पियरसिंग को बिल्कुल भी न लाएं।



## संक्रमण के लक्षण

पियरसिंग में संक्रमण हुआ है या नहीं, ये जानने के लिए कुछ लक्षणों पर ध्यान देना होगा- सूजन ,दर्द ,लालपन ,रंगीन पानी आना,सेप्टम पियरसिंग कराएं तो रखें ध्यान

सेप्टम पियरसिंग यानी नाक के नीचे दोनों छेदों के बीच वाली जगह पर छेद कराकर ज्वेलरी पहनना। मगर यही वो जगह भी है, जिसे कराते समय लोग अक्सर गलती कर देते हैं। दरअसल अक्सर लोग सेप्टम गलत जगह पर करा लेते हैं। इसकी सही जगह नाक के नीचे का सख्त टिशू नहीं होता है बल्कि इसकी सही जगह इस टिशू से थोड़ा सा ऊपर पतली झिल्ली होती है। दिक्कत ये है कि ज्यादातर लोग इसके बारे में जानते ही नहीं हैं। इसलिए जरूरी है कि सेप्टम जरूर किसी अनुभवी से ही कराई जाए।